

उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

## संक्षिप्त समाचार

### विनेश फोगाट को ओलंपिक रजत पदक विजेता के समान मिलेगा सम्मान, हरियाणा कैबिनेट का फैसला

**चंडीगढ़ ,एजेंसी।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को घोषणा की कि राज्य सरकार ने कुश्ती से राजनीति में आई कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट को ओलंपिक रजत पदक विजेता के बराबर लाभ देने का फैसला किया है। यह निर्णय राज्य की खेल नीति के तहत लिया गया है। जिंद जिले की जुलाना विधानसभा सीट से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने हाल ही में यह मुद्दा विधानसभा सत्र के दौरान उठाया था। राज्य कैबिनेट ने इस मामले को एक विशेष अपवाद मानते हुए, विनेश फोगाट को खेल नीति के तहत सम्मान और लाभ देने का फैसला किया है। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया कि अब वह एक विधायक हैं, इसलिए उन्हें यह निर्णय लेने का विकल्प दिया जाएगा कि वह किन लाभों को प्राप्त करना चाहती हैं।

### जान से मारने की धमकियों पर बोले सलमान खान- 'मैं किसी से नहीं डरता

**मुंबई ,एजेंसी।** अभिनेता सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। इस बीच मीडिया से बातचीत के दौरान अभिनेता ने भारी सुरक्षा के साथ घूमने-फिरने से होने वाली परेशानी पर प्रतिक्रिया दी। सलमान ने कहा कि वह धमकियों से नहीं डरते, क्योंकि उन्होंने सब कुछ ईश्वर पर छोड़ दिया है। सलमान खान जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर हैं, जो 1990 के दशक में सुपरस्टार के काले हिरण के शिकार का बदला लेना चाहता है। 'सिकंदर' की रिलीज से पहले सलमान खान ने मुंबई के बांद्रा इलाके में एक फाइव स्टार होटल में मीडिया से बात की और बताया कि भारी सुरक्षा के साथ बाहर आना- जाना परेशानियों का सबब बन जाता है। अभिनेता ने यह भी कहा कि वह धमकियों से नहीं डरते हैं और उन्होंने अपनी सुरक्षा की देखभाल भगवान पर छोड़ दी है। खान ने मीडिया से कहा, भगवान, अल्लाह सब बराबर हैं। जितनी उम्र लिखी है, उतनी लिखी है। इतने सारे लोगों के साथ घूमना एक समस्या बन जाती है। मैं किसी धमकी से नहीं डरता, सब ईश्वर पर छोड़ दिया है।

### रिहैब सेंटर में मानसिक रूप से कमजोर 22 बच्चों की तबीयत बिगड़ी, दो ने तोड़ा दम

**लखनऊ ,एजेंसी।** मानसिक रूप से कमजोर बच्चों के आश्रय हेतु संचालित निर्वाण रिहैब सेंटर में मंगलवार को 22 किशोर-किशोरियों की हालत अचानक बिगड़ गई। इन्हें तुरंत लोकबंधु राजनारायण संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। इस बीच, एक किशोरी ने मंगलवार और एक अन्य ने बुधवार को दम तोड़ दिया। पाँच किशोर-किशोरियों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है, जबकि 15 का उपचार अभी भी जारी है।


## लोकसभा में इमिग्रेशन बिल पास:शाह बोले:

# भारत धर्मशाला नहीं, बांग्लादेशियों से सख्ती से निपटेंगे



**नई दिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा में गुरुवार को इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल 2025 पास हो गया। बिल पर चर्चा का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, पश्चिम बंगाल से बांग्लादेशियों और रोहिंग्या की घुसपैठ हो रही है। ऐसे में जो लोग भारत की व्यवस्था में योगदान करने, व्यापार और शिक्षा के लिए आते हैं, ऐसे सभी लोगों का स्वागत है। लेकिन चाहे रोहिंग्या हो या बांग्लादेशी अगर यहां अशांति फैलाने के लिए आते हैं, तो ऐसे लोगों के साथ बड़ी कठोरता के साथ व्यवहार होगा। अगर कोई भारत को नुकसान पहुंचाने की मानसिकता के साथ आता है तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा, मोदी सरकार केवल उन लोगों को भारत आने से रोकेगी जिनके इरादे गलत हैं। यह देश कोई धर्मशाला नहीं है। भारत में आने वाले सभी विदेशी नागरिकों की जानकारी रखी जाएगी। वे किस रास्ते से आ रहे हैं। कहां रुक रहे हैं। क्या कर रहे हैं। इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स बिल लोकसभा में 11 मार्च को पेश किया गया था। इस पर सत्ता और विपक्ष के 30 सांसदों ने अपनी बात रखी।

## पीएम मोदी के दौरे की भव्य तैयारी, सभा में जुटेंगे 2 लाख लोग, 55 एकड़ मैदान में बनेंगे डोम



**रायपुर, एजेंसी।** 30 मार्च को पीएम नरेंद्र मोदी बिलासपुर के दौरे पर आएंगे. जिसकी तैयारियां तेजी से चल रही है. बिल्हा के मोहभट्ठा गांव में 55 एकड़ मैदान पर पांच अलग-अलग डोम तैयार किया जा रहे हैं. छत्तीसगढ़ में पहली बार ऐसा हो रहा है, जब पीएम की सभा में 2 लाख से ज्यादा लोग जुटेंगे।

**पीएम मोदी के दौरे की भव्य तैयारी**

पीएम नरेंद्र मोदी के दौरे को लेकर भव्य तैयारी चल रही है. जिसके लिए पांच डोम के अलावा प्रधानमंत्री मोदी और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के अलावा राज्यपाल रमन डेका समेत अन्य अधिकारियों के लिए ग्रीन रूम तैयार किया जा रहा है, जो बिल्कुल सभा स्थल से लगा हुआ है. सड़क तैयार की जा रही है. इसके अलावा कई तरह के अलग-अलग सेक्टर भी बनाए जा रहे हैं. बिल्हा क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी के आने की अलग से खुशी है. सबसे बड़ी बात यह है की सुरक्षा को लेकर कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं यही वजह है कि डेढ़ सौ से ज्यादा मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे जो लोगों की चेकिंग के बाद ही उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के सभा स्थल पर जाने की अनुमति देगी. विशेष सुरक्षा इंतजारों के अलावा कोई ऐसे पहलू है जो प्रधानमंत्री मोदी के लिए अलग से तैयार किया जा रहे हैं।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने 150 नए पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**जयपुर,एजेंसी।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरूवार को राजस्थान दिवस कार्यक्रम श्रृंखला के तहत जवाहर सर्किल पर आयोजित कार्यक्रम 'सुरक्षा एवं सुगमता का संकल्प समारोह' से 150 नए पुलिस वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राज्य सरकार प्रदेश में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने की दिशा में निरंतर काम कर रही है। इसके लिए पुलिस बल को तमाम आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में पुलिस बल में शामिल हुए इन नए वाहनों से राज्य में आमजन के लिए सुरक्षा तंत्र को मजबूती मिलेगी।

**मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों का किया हौसला अफजाई**

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पुलिसकर्मियों से मिलकर उनका हौसला अफजाई किया। उन्होंने प्रत्येक पुलिसकर्मी से व्यक्तिशः मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछी। इस दौरान शर्मा ने पुलिस बेण्ड सहित सभी पुलिस बल के साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। पुलिस कार्मिकों का मुख्यमंत्री द्वारा हौसला अफजाई करने पर मनोबल बढ़ा तथा वे बेहद उत्साहित नजर आए।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक यू. आर. साहू, अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार, महानिदेशक साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी, महानिदेशक इन्टेलिजेंस संजय अग्रवाल, महानिदेशक टी.एन.टी. अनिल पालीवाल सहित पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं पुलिस कार्मिक मौजूद रहे।

# देश सेवा सर्वोपरि, ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का करें निर्वहन : सीएम योगी



**लखनऊ ,एजेंसी।** गुरुवार को लखनऊ के लोक भवन में आयोजित समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आयुष विभाग और गृह विभाग के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा चयनित 283 चिकित्सा अधिकारियों और कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान सीएम योगी ने नवचयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सेवा नारों या भाषणों से नहीं, बल्कि ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से होती है। उन्होंने नवचयनितों से अपील की कि वे पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके।

इस समारोह में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 283 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें आयुष विभाग के 163 चिकित्सा अधिकारी, 2 रीडर (आयुर्वेद), 19 प्रोफेसर, 3 प्रवक्ता (होम्योपैथी) और गृह विभाग के तहत विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) के 96 कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक शामिल हैं। नियुक्ति पत्र पाकर सभी नवचयनित अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे।

उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए सीएम योगी की पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया की जमकर सराहना की। सीएम योगी ने इस अवसर पर यूपीपीएससी और यूपीएसएसएससी को शासन की मंशा के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया को ईमानदारी से संपन्न करने के लिए धन्यवाद दिया और सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी।

सीएम योगी ने अपने संबोधन में पिछले 8 वर्षों की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले 8 वर्षों में हमने प्रदेश में 8.30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। अगर यह नियुक्तियां शुचिता और पारदर्शिता के साथ नहीं होतीं, तो ये सभी मामले कोर्ट में लंबित हो जाते और एक भी भर्ती पूरी नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि इन 8 वर्षों में 1,56,000 पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई, 60,200 पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई है और साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति भी की गई है।

## मैं जब भी सदन में खड़ा होता हूं, मुझे बोलने नहीं दिया जाता : राहुल गांधी



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने स्पीकर पर बड़ा आरोप लगाया। उन्होंने संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं जब भी लोकसभा में अपनी बात रखने के लिए खड़ा होता हूं, तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता। मैं नहीं जानता कि सदन किस प्रकार चल रहा है। दरअसल, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने विपक्ष के नेता राहुल गांधी को नसीहत देते हुए कहा कि सदन के आचरण और मर्यादा का पालन करें, कुछ घटनाएं सदन के लिहाज से ठीक नहीं थीं। जिसके बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, एक कन्वेंशन है कि नेता प्रतिपक्ष को बोलने दिया जाता है। मैं जब भी खड़ा होता हूं तो मुझे बोलने नहीं दिया जाता। मैं नहीं जानता कि सदन किस प्रकार चल रहा है। यहां हम जो कहना चाहते हैं, हमें कहने नहीं दिया जाता है। मैंने कुछ नहीं किया है, मैं बिल्कुल शांति से बैठा था। मैं एक शब्द नहीं बोला। पिछले 7-8 दिन से बोलने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा, लोकतंत्र में सरकार और विपक्ष की जगह होती है, लेकिन यहां विपक्ष की कोई जगह नहीं है। यहां केवल सरकार की जगह है। उस दिन प्रधानमंत्री मोदी ने महाकुंभ मेले के बारे में बोला, जिसमें मैं अपनी बात जोड़ना चाहता था। मैं कहना चाहता था कि बहुत अच्छा है, महाकुंभ मेला हुआ।

## राष्ट्रपति ट्रंप ने किया बड़ा ऐलान, अमेरिका में विदेशी कारों पर लगेगा 25 प्रतिशत टैक्स; 2 अप्रैल से लागू



**वाशिंगटन ,एजेंसी।** अमेरिकी राष्टपति ट्रंप ने टैरिफ वॉर के बीच एक और ऐलान किया है कि अमेरिका में इंपोर्ट होने वाली सभी विदेशी कारों पर 25त्न टैरिफ लगाया जाएगा। साथ ही अमेरिकी राष्टपति ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि यह टैरिफ का फैसला स्थायी है। ट्रंप ने कहा हम उन सभी कारों पर प्रभावी रूप से 25प्रतिशत टैरिफ लगाएंगे जो देश में नहीं बनी हैं। ये नया इंपोर्ट ड्यूटी लगाने का फैसला 2 अप्रैल से लागू होगा और 3 अप्रैल से इसकी वसूली शुरू हो जाएगी। ट्रंप ने कहा, 'हम उन सभी कारों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने जा रहे हैं जो अमेरिका में नहीं बनी हैं।' उन्होंने यह भी कहा कि यह नीति घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देगी और यदि कारें अमेरिका में बनाई जाती हैं तो उन पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। जानकारों का मानना है कि यह कदम ऑटोमेकर्स की सप्लाई चेन को बाधित कर सकता है और अमेरिकी ग्राहकों को महंगाई का सामना करना पड़ सकता है। यह घोषणा ऐसे समय में हुई है जब ट्रंप प्रशासन व्यापार असंतुलन को कम करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न उपायों पर विचार कर रहा है।

## देश के 'विकसित भारत' सपने की ओर बढ़ने की कुंजी 'इनोवेशन' : केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल



**नई दिल्ली ,एजेंसी।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 'इनोवेशन' देश के 'विकसित भारत' सपने की ओर बढ़ने की कुंजी है। इसी के साथ ट्रेडमार्क सर्च और बौद्धिक संपदा (आईपी) प्रवर्तन में मॉडर्न टेक्नोलॉजी जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा एनालिटिक्स की जरूरत बनी हुई है। केंद्रीय मंत्री ने इनोवेटर्स और व्यवसायों के हितों की रक्षा के लिए मजबूत कॉपीराइट सुरक्षा उपायों के महत्व पर भी जोर दिया।

'राष्टीय बौद्धिक संपदा पुरस्कार 2024' कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री ने विधायी परिवर्तनों, प्रशासनिक सुधारों और इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई पहलों के जरिए आईपी इकोसिस्टम को मजबूत करने की सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, इनोवेशन हमेशा से हमारे डीएनए में रहा है। हमें बहुत गर्व है कि 'शून्य' की उत्पत्ति भारत से हुई है। शतरंज को भी अब एक खेल के रूप में पहचाना जा रहा है, जिसकी उत्पत्ति हमारी प्राचीन परंपरा चतुरंग से हुई है। 'इनोवेशन' देश के विकसित भारत बनने की यात्रा को परिभाषित करेगा।

रिसर्च और डेवलपमेंट (आरएंडडी) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय मंत्री गोयल ने जोर देकर कहा कि कोई भी देश इनोवेशन, नए विचारों, टेक्नोलॉजी-ड्रिवन प्रगति पर ध्यान केंद्रित किए बिना विकसित होने का दावा नहीं कर सकता। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, हमारे अमृत काल में जैसा कि हम भारत को एक लचीली अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं, आरएंडडी की एक महत्वपूर्ण होगी। हम नई टेक्नोलॉजी और विचारों का एक पावर हाउस बनने की ओर बढ़ रहे हैं।

गोयल ने अनुसंधान नेशनल रिसर्च फाउंडेशन (एनआरएफ) के माध्यम से वैज्ञानिक प्रगति का समर्थन करने के लिए सरकार के निरंतर प्रयासों की घोषणा की, जो सरकार, निजी क्षेत्र और शिक्षाविदों के बीच सहयोग की सुविधा प्रदान करेगा। उन्होंने कहा, 'एनआरएफ' हितधारकों के बीच विज्ञान और टेक्नोलॉजी इनोवेशन के लिए उत्साह को बढ़ावा देगा। केंद्रीय मंत्री ने भारत के आईपी परिदृश्य में प्रमुख उपलब्धियों और सुधारों पर भी प्रकाश डाला। ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत की रैंकिंग में सुधार हुआ है, जो 2015 में 81 से लेटेस्ट रैंकिंग में 39 हो गई है।

# दो हजार बहनों के सामूहिक विवाह में शामिल होना अदभुत अनुभवः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने 11 जोड़ो को प्रतीकात्मक रूप से कन्यादान राशि के चेक किये भेंट




**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि झाबुआ में एक साथ लगभग दो हजार जोड़ों के सामूहिक विवाह में शामिल होने का आनंद अदभुत और अविस्मरणीय है। उन्होंने नव-विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए सभी के मंगलमय और सुखद दांपत्य जीवन की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मनुष्य जीवन के 16 संस्कारों में से पाणिग्रहण संस्कार गृहस्थ जीवन में प्रवेश के लिए महत्वपूर्ण संस्कार है। इसमें 7 फेरों से 7 वचनों को पूरा कर सात जन्मों तक बंधन में बंधते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन में शामिल जोड़ों को विवाह और निकाह की बधाई देते हुए सभी के जीवन में खुशियों की कामना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव झाबुआ में सामुहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में 11 जोड़ों को प्रतीकात्मक रूप से 49-49 हजार की राशि के चेक भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने झाबुआ जिले के निवासियों को सौगात देते हुए कहा कि राणापुर क्षेत्र में पेयजल एवं सिंचाई की समस्या के निराकरण के लिए भांडाखेड़ा बैराज, नागन खेड़ी, गलती, छायण, झालरवा, बुदाशाला और कल्लीपुरा में बैराज बनाये जायेंगे। उन्होंने कहा कि देवी अहिल्या विश्वविद्यालय से संबद्ध झाबुआ में मेडिकल कॉलेज भी बनाया जायेगा। झाबुआ के विकास के लिये सभी कार्य किये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विकास में सभी वर्गों का विकास समाहित है। किसी भी वर्ग को विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहने दिया जायेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप सबका साथ लेकर सबका विकास किया जायेगा, जिसमें सबके प्रयास और सबका विश्वास शामिल रहेगा। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों के सशक्तिकरण के लिये राशि प्रदान की जा रही है। किसानों का गेहूँ 2600 रूपये प्रति क्विंटल की दर से उपार्जित किया जा रहा है। धान उत्पादक किसानों को प्रति हेक्टेयर 4 हजार रूपये प्रोत्साहन राशि के रूप में दिये जा रहे हैं। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कूटी और लेपटॉप प्रदाय किये जा रहे हैं। लाड़ली बहनों को प्रतिमाह मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि प्रदान की जा रही है। प्रदेश में बेटियों को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिया जा रहा है। प्रभारी मंत्री एवं कैबिनेट मंत्री जनजातीय कार्य, लोक परिसंपत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास विभाग डॉ. कुँवर विजय शाह ने कहा कि झाबुआ में आयोजित लगभग 2000 जोड़ों के सामूहिक विवाह में सम्मिलित होकर मन आनंदित हो गया हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया ने कहा कि जिले के लिए सौभाग्य है कि इतना विशाल विवाह समारोह आयोजित हुआ और जिसमें स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आकर बहनों को आशीर्वाद प्रदान किया।

**पारंपरिक रूप से स्वागत**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्री सुश्री भूरिया ने जनजातीय परम्परा के अनुरूप जनजातीय जैकेट "झूलड़ी" पहनाकर, साफा बांधकर एवं तीर कमान भेंट कर स्वागत किया।

# पुलिस ने पकड़े 6 गांजा तस्कर: 58 किलो गांजा बरामद, बिहार से लाकर बेचते थे

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** पुलिस और एसओजी सर्विलांस टीम ने गांजे की तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) और थाना रकाबगंज पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। संयुक्त टीम ने 57 किलो 510 ग्राम गांजा बरामद किया, जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत ?5,80,000 आंकी गई है। इस दौरान 6 तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 मोबाइल फोन, ?4,890 नकद, एक स्विफ्ट डिजायर कार और एक टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल भी बरामद की है।एडिशनल पुलिस कमिश्नर संजीव त्यागी ने बताया कि थाना रकाबगंज पुलिस ने डीसीपी सिटी सोनम कुमार और एसीपी सदर विनायक भोसले के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए 6 लोगों को गिरफ्तार किया। तस्कर आगरा सहित दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश में तस्करी करते थे। पकड़े गए अभियुक्तों में से तीन बिहार और तीन आगरा का ताजगंज क्षेत्र के रहने वाले हैं।

**गुप्त सूचना पर पुलिस की कार्रवाई**

26 मार्च को थाना रकाबगंज पुलिस टीम व एसओजी/सर्विलांस टीम कमिश्नरेट आगरा ने मुखबिर द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर एसओजी और थाना रकाबगंज पुलिस ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर क्षेत्रान्तर्गत अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी कर खरीद फरोख्त करने वाले 06 अभियुक्तों को किले के पास पार्किंग में मिट्टी के टीले के पास से धर दबोचा। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 57 किलो 510 ग्राम (अवैध मादक पदार्थ गांजा अनुमानित कीमत लगभग रू0 5,80,000), 10 मोबाइल फोन, रू0 4890/-,01 स्फिव्ट डिजायर कार (घटना में प्रयुक्त), 01 टीवीएस अपाचे मोटरसाइकिल (घटना में प्रयुक्त) बरामद हुई। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ थाना रकाबगंज में मुकदमा संख्या 53/2025, धारा 8/20/29/60 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

**राहगीरों को बेचते हैं गांजा**

गिरफ्तार किए गए सुरजीत यादव, भूपेंद्र सिंह और श्याम राठौर ने बताया कि उन्होंने यह गांजा स्विफ्ट डिजायर कार में सवार तीन अन्य आरोपियों लाल बाबू सिंह, उमेश कुमार सिंह और अर्जुन सिंह से खरीदा था। जांच में पता चला कि ये तीनों बिहार से गांजा लाकर आगरा और आसपास के इलाकों में सप्लाई करते थे। वहीं, पहले तीन आरोपी इसे छोटे स्तर पर फुटकर में बेचकर मुनाफा कमाते थे।

**गिरफ्तार किए गए आरोपी**

पकड़े गए तस्करों में सुरजीत यादव पुत्र सुरेश कुमार यादव, निवासी ग्राम कुआँ खेड़ा, थाना ताजगंज, आगरा।व भूपेन्द्र सिंह पुत्र स्व. शैलेन्द्र कुमार, निवासी ग्राम बुढ़ाना, थाना ताजगंज, आगरा। व श्याम राठौर पुत्र स्व. निनवाराम राठौर, निवासी बसई कला, थाना ताजगंज, आगरा। व अर्जुन सिंह पुत्र स्व. त्रिवेणी सिंह, निवासी भूपोली, थाना उदवंत नगर, जिला आरा भोजपुर, बिहार। व उमेश कुमार सिंह पुत्र अमरेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम सिमराव, थाना चरपुखरी, जिला आरा भोजपुर, बिहार। और लालबाबू सिंह पुत्र सवारु सिंह, निवासी ग्राम तिहर, थाना तिहर, जिला आरा भोजपुर, बिहार। पकड़े गए तस्कर श्याम राठौर, सुरजीत, भूपेंद्र, अर्जुन, उमेश, लाल बाबू पर पहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। एडिशनल सीपी का कहना है कि पूछताछ जारी है। इनके साथियों के नाम, नेटवर्क की जानकारी की जा रही है। पुराने आपराधिक मामलों की भी जांच की जा रही है।

**पुलिस टीम को ?15,000 का नगद इनाम**

टीम में थाना प्रभारी रकाबगंज देवकरण सिंह एसओजी सर्विलांस टीम के प्रभारी उप निरीक्षक जैकब फर्नाडीज उप निरीक्षक राहुल कुमार राणा उप निरीक्षक प्रदीप कौशिक उप निरीक्षक राहुल गिरी प्रशिक्षु उप निरीक्षक अरूण कुमार सूरज चौहान अंकित तोमर और विनय धामा सहित अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।वही अपर पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट आगरा संजीव त्यागी ने इस सफल अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली पुलिस टीम को रू15,000 का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

आगरा पुलिस कमिश्नरेट ने बयान जारी कर कहा कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस इस नेटवर्क से जुड़े अन्य तस्करों की तलाश कर रही है और भविष्य में भी इस तरह की सख्त कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

# मोदी के विजन, योगी के मिशन ने बनाए नए कीर्तिमान

## हर वर्ग- हर व्यक्ति के हित में कार्य करने के लिए संकल्पबद्ध डबल इंजन सरकार: बेबी रानी मौर्य

## विकास उत्सव में लोगों की हर शंका का हुआ समाधान, मिला विभिन्न योजनाओं का लाभ

सांध्य पहल संवाददाता





**आगरा।** उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति% के 8 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विकास उत्सव मेले के तीसरे दिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन कर, विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। मेले में भव्य प्रदर्शनी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कृषि, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा, आयुष, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग, बाल विकास, यूपीएमआरसी और नगर विकास आदि विभागों के प्रतिनिधियों ने अपनी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। कार्यक्रम में प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री बेबी रानी मौर्य, मंत्री धर्मवीर प्रजापति, राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों व विभागों की विभिन्न संचालित योजनाओं में उत्कृष्ट योगदान करने वाले कार्मिकों को प्रशस्ति- पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में मौजूद लोगों संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य ने सरकार की 8 साल की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण और विकास हमारी सरकार के मुख्य केंद्र में है। आज महिलाएं और बच्चियां खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। सुशासन को एक नई पहचान मिली है। डबल इंजन की सरकार में किसान समृद्ध व खुशहाल है। सरकार ने हर वर्ग- हर व्यक्ति हेतु कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा है। राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहा कि पिछले आठ साल बेमिसाल रहे हैं। इस मेले प्रदर्शनी में लाभार्थियों तथा जनपद वासियों ने विकास के इस उत्सव में सहभागिता की और लाभ उठाया। अपना यूपी सच में बदल गया है। हम सबको पता है 2017 से पहले महिलाओं की स्थिति क्या थी। महिलाओं की स्थिति तो रहने दीजिए पुरुष तक सुरक्षित नहीं थे। योगी जी की सरकार महिला सशक्तिकरण और उनकी सुरक्षा, विकास का स्वर्ण युग है। पुलिस भर्ती में पहली बार बेटियां इतनी बड़ी संख्या में चुनी गई हैं। अन्य राज्यों से व्यापारी निवेश के लिए आ रहे। राज्य मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि मोदी जी के विजन और योगी जी के मिशन ने नए कीर्तिमान बनाए हैं। आम आदमी हो या उद्योगपति या गरीब, सभी को सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा की जरूरत होती है। 8 वर्ष में योगी जी की सरकार ने इन सभी क्षेत्र में कार्य किया है। हर घर जल, हाईवे, एयरपोर्ट, गरीब को आयुष्मान कार्ड, बेटियों के लिए जन्म से विवाह तक सरकार चिंता कर रही है। गरीब को शौचालय देकर स्वाभिमान सुरक्षित किया। मुफ्त बिजली व गैस कनेक्शन दिए। पूर्वांचल, बुंदेलखंड एक्सप्रेस- वे दिया गंगा एक्सप्रेस- वे बनने पर देश के 55 प्रतिशत हाईवे यूपी में होंगे। योगी सरकार हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद के पांच सर्वाधिक जीएसटी कर जमा करने वाले करदाता, विभिन्न थानों व मिशन शक्ति के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली 15 महिला कांस्टेबल, महिला कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्य करने वाले एनजीओ तथा कार्मिकों तथा बेसिक शिक्षा विभाग के 11 उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र व अन्य विभागों से संबंधित लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गए। कार्यक्रम में गोद भराई और अन्नप्राशन संस्कार भी कराए गए। साथ ही स्तनपान कराने वाली महिलाओं को पोषण पोटली प्रदान की गई। इस अवसर पर एमएलसी विजय शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. मंजू भदौरिया, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी, मुख्य विकास अधिकारी प्रतिभा सिंह, डीसीपी वेस्ट अतुल शर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अरुण श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी, लाभार्थी व बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**मेल में मिला उपचार, बने आयुष्मान कार्ड**

तीन दिवसीय प्रदर्शनी में चिकित्सा स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं आयुष विभाग द्वारा सेवाएं प्रदान की गई। जिसमें राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत तीन दिनों में 497 लोगो की स्क्रीनिंग की गई, जिनमे से 47 लोग संभावित टीबी के मरीज पाए गये। सभी संभावित लोगो के सैंपल कलेक्ट किए गए और जांच के लिए लैब में भेजे गए। 20 टीबी मरीजों को पोषण पोटली का वितरण भी किया गया। मेले में लगी ओपीडी में 2052 मरीजों का परीक्षण/उपचार किया गया। 597 ब्लड शुगर एवं 1076 लोगों की बीपी टेस्टिंग की गई। वहीं 336 लोगों के नए आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

आयुर्वेद विधा में 856, यूनानी विधा में 471 एवं होमियोपैथी विधा में 681 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इसके साथ ही परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों की कॉउन्सलिंग कर परिवार कल्याण की सामग्री भी वितरित की गई। एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सैंकड़ो लोगों की कॉउन्सलिंग, टेस्टिंग और आभा आईडी बनाई गई।

# सांसद सुमन के मुद्दे पर ईद बाद प्रदेशव्यापी आंदोलन छेड़ेगी सपा- राम गोपाल

## सपा महासचिव ने सांसद सुमन के आवास पर पहुंचकर जानकारी ली, बोले- सुमन के आवास पर हमला अधिकारियों की जानकारी में हुआ, शासन का सहयोग रहा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राम गोपाल यादव ने कहा कि आगरा में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर हमला पूर्व नियोजित था। ये आला अधिकारियों की जानकारी में था और इसमें शासन का भी पूरा सहयोग था। ईद के बाद समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को लेकर पूरे प्रदेश में आंदोलन शुरू करने जा रही है। राम गोपाल यादव आज पूर्वाह्न में सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर पहुंचे थे। परिवार के लोगों से मिले और कल की घटना का ब्यौरा लिया। बाद में मीडिया से बात करते हुए राम गोपाल यादव ने कहा कि दुर्भाग्य की बात ये है कि जिस वक्त सुमन के आवास पर हमला हुआ, उस वक्त उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री यहां से एक किलोमीटर दूर एक कार्यक्रम में मौजूद थे। सपा महासचिव ने कहा कि प्रशासन को जो सख्ती करनी चाहिए थी, वह नहीं की। वे लोग बुलडोजर लेकर आ रहे थे। लाठी डंडे और तलवारें लेकर आ रहे थे। इसके बावजूद किसी को नहीं रोका गया तो इसका क्या निष्कर्ष निकालें हम लोग। राम गोपाल यादव का कहना था कि इस इस घटना में हमलावरों को शासन का पूरा सहयोग रहा। इतनी बड़ी तादात में लोगों के आने के बाद गिरफ्तारियां कितनी हुई। उन्होंने कहा कि ये तो किसी हक नहीं कि किसी पर जबर्दस्ती हमला कर दें। लोगों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। सपा महासचिव ने कहा कि सांसद रामजी लाल संसद ने संसद में जो कुछ कहा, वो मामला संसद में ही निपटता। संसद में ये मामला आज भी उठा। लेकिन यहां तो हमला करने के लिए सांसद के घर पर ही आ गये। परिवार तो छोड़िये, पड़ोसियों को भी नुकसान हुआ। उनकी गाड़ियां टूटीं। इसके लिए पूरी तरह सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ईद के बाद पूरे प्रदेश में इस मुद्दे को लेकर आंदोलन करने जा रही है। सामंतवादी मनोवृत्ति जिस तरह से पनप रही है, वह चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि ये तो सुमन के आवास पर हमला हुआ, सुमन अगर दलित न होकर उन्हीं की बिरादरी के होते तो क्या ये लोग हमला करते। सपा महासचिव ने कहा कि ये पूरे पीडीए और दलित समाज पर हमला है। सपा इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। हम ईद तक देख रहे हैं। अगर कार्यवाही नहीं होती है तो प्रदेश भर में आंदोलन चलाएंगे। हम लोग पूरी ताकत लगा देंगे और सरकार को हिला देंगे। सरकार को कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर देंगे। अगर कार्रवाई नहीं होगी तो पूरे राज्य और राज्य के बाहर भी आंदोलन फैल सकता है।

# झगड़े में घायल टेम्पो चालक की मौत, पत्नी ने दी हत्या की तहरीर

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** फतेहपुर सीकरी थाना क्षेत्र में सहकुली मोड़ पर दो टेम्पो चालकों के बीच हुई मारपीट में घायल एक टेम्पो चालक की मौत हो गई। मृतक ग्राम पंचायत सीकरी चार हिस्सा किताब सिंह का किताब सिंह था। मृतक की पत्नी ने इस मामले में थाने में हत्या की तहरीर दी है। सीकरी चार हिस्सा निवासी 40 वर्षीय किताब सिंह विगत दिवस अपना टेम्पो लेकर फतेहपुर सीकरी के लिए निकला था। बताते हैं कि सहकुली के पास 200 रुपये को लेकर किताब सिंह का एक दूसरे टेम्पो चालक से झगड़ा हुआ। मारपीट के दौरान दूसरे टेम्पो चालक द्वारा धक्का दिये जाने से किताब सिंह को चोट लगी थी। किताब सिंह को घायल अवस्था में गांव के ही कुछ युवक उसके घर छोड़ आए थे। रात्रि में किताब सिंह तबीयत बिगड़ी तो परिवार वाले उसे भरतपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोग किताब का शव लेकर गांव आ गये। मृतक की पत्नी रेखा ने गांव वालों के साथ फतेहपुरसीकरी थाने पर पहुंचकर थाना प्रभारी को पति की हत्या किए जाने की तहरीर दी।थाना पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने परिवार वालों तथा रिश्तेदारों को भरोसा दिया है कि उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# चलो आगरा कमिश्नरी! अखिल भारतीय जाट महासभा के बैनर तले बड़ी संख्या में एकत्रित होगा जाट समाज, देगा ज्ञापन

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** जिस प्रकार मराठा छत्रपति वीर शिवाजी महाराज को महाराष्ट्र सरकार सम्मान दे रही है इसी तरह उत्तर प्रदेश सरकार को भी ब्रज क्षेत्र के वीर योद्धाओं को सम्मान देना चाहिए, ब्रज क्षेत्र के अनेक वीर योद्धाओं ने देश की आजादी के लिए मुगलों और अंग्रेजों से संघर्ष करते हुए अपने बलिदान दिए हैं।

1- वीर गोकुला जाट ने औरंगजेब के अनेक फौजदारों को मार डाला था और उनके उत्पीड़न के खिलाफ ब्रज क्षेत्र के किसानों को एकजुट कर औरंगजेब जैसे उस समय के सर्वाधिक ताकतवर राजा को गढी तिलपत में युद्ध करने के लिए मजबूर कर दिया था और तीन दिन तक युद्ध कराया, एवं अंत में औरंगजेब की इस्लाम धर्म कबूल न करने की शर्त न मानने पर स्वयं सहित अपने चाचा उदय सिंह व पारिवारिक जनों का बलिदान दिया था उनका आगरा में म्यूजियम बनाने, गोकुलसिंह जाट के नाम पर ब्रज के समस्त जनपदों में द्वारों का निर्माण करने की जरूरत है,

2-12-जून 1761 को महाराजा सूरजमल ने आगरा किले पर कब्जा करके मुगलों से आगरा को आजादी दिलाई थी और संपूर्ण ब्रज क्षेत्र में महाराजा सूरजमल ने मुगलों को खदेड़ा था बड़े दुख की बात है कि आगरा को मुगलों से आजाद कराने वाले और 14 वर्ष तक आगरा पर शासन करने वाले महाराजा सूरजमल की प्रतिमा तक आगरा में नहीं लगाई गई है जब कि आगरा महापौर को 5 वर्ष पूर्व ही ज्ञापन दिया जा चुका है।

3- शाहजहां गार्डन का नाम गोकुला उद्यान या महाराजा सूरजमल उद्यान रखा जाए,।

4-आगरा भरतपुर राष्ट्रीय राजमार्ग का नाम महाराजा सूरजमल के नाम पर रखा जाए।

5- अकबर की कब्र को सिकंदरा से खोद कर हड्डियां जलाने वाले वीर रामकी चाहर राजाराम जाट के नाम पर सिकंदरा मेट्रो स्टेशन का नाम रखा जाए और उनकी प्रतिमा सिकंदरा परिसर में लगाई जाए।

सर्व समिति से प्रस्ताव पारित कर जाट महासभा ने कहा कि 12 जून 1761 को आगरा किले पर कब्जा करने वाले और आगरा की जनता को मुगलिया अत्याचार से मुक्त करने वाले महाराजा सूरजमल की याद में 12 जून को आगरा विजय दिवस आगरा लाल किले में सरकारी स्तर पर मनाया जाए ।

उक्त मांगों को लेकर जाट महासभा 28 मार्च शुक्रवार को प्रातः11-बजे आगरा कमिश्नरी पर प्रदर्शन कर कमिश्नर महोदय को ज्ञापन देगी। अतः अनुरोध है की काम के मान सम्मान और स्वाभिमान के लिए प्रातः 11ः00 बजे अधिक से अधिक संख्या में साथियों सहित आगरा कमिश्नरी पर पहुंचने का कष्ट करें उक्त ज्ञापन में आगरा मथुरा हाथरस फिरोजाबाद एवं भरतपुर से भी प्रतिनिधि बड़ी संख्या में भाग लेंगे।



# विश्व रंगमंच दिवस पर नाट्य पाठ

सांध्य पहल संवाददाता

**प्रतापगढ़ /प्रयागराज।** विश्व रंगमंच दिवस के अवसर पर समन्वय संस्था के कार्यालय गुल्टेरिया अपार्टमेंट सुलेमसराय में नाटक भरम का नाट्य पाठ उपस्थित अतिथियों के सामने किया गया. यह नाटक बांग्ला साहित्य के प्रसिद्ध साहित्यकार उदयन घोष की कहानी गोपाल की मां का नाट्य रूपांतरण है. नाटक बताता है कि मनुष्य असीम संभावनाओं का दूसरा नाम है पर कई बार हम अपने दुखों से पलायन कर एक भ्रम में जीने लगते हैं और उसी को वास्तविक जीवन समझ लेते हैं पर भ्रम तो भ्रम है एक दिन टूट ही जाता है और एक बार फिर हमारा जीवन अकेलेपन और निराशा से भर उठता है. और फिर हमारा मन यह सोचता है कि हमारे जीवन की आखिरी उम्मीद हम खुद हैं और जब तक हम हैं तब तक जीवन है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

रजिस्ट्री सं. डी.एल.–33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–यू.पी.–अ.–12032025–261563
CG-UP-E-12032025-261563

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II–खण्ड 3–उप–खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1122] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 11, 2025/फाल्गुन 20,1946
No. 1122] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 11, 2025/PHALGUNA 20,1946

रेल मंत्रालय
[ उत्तर मध्य रेलवे (निर्माण विभाग) ]
अधिसूचना
प्रयागराज, 18 फरवरी, 2025

का.आ. 1135 (अ).– केन्द्रीय सरकार, रेल अधिनियम, 1989 की धारा 2 के खंड (37 क) द्वारा प्रदत शक्तियों का प्रयोग करते हुए, इस अधिनियम के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से नीचे दी गई सारणी के स्तंभ (3) में उल्लिखित राज्य में उक्त सारणी के स्तंभ (2) में यथा उल्लिखित निम्नांकित परियोजना को विशेष रेल परियोजना के रूप में अधिसूचित करती है।

सारणी
विशेष रेल परियोजना

| क्रम सं. | परियोजना का नाम | राज्य/संघराज्य क्षेत्र |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| 1 | कुबेरपुर-यमुना ब्रिज तीसरी (9.77 किमी.) रेल लाइन परियोजना | उत्तर प्रदेश |

[फा. सं. एनसीआर-एचक्यूशून्यसीईएनजी (एलएएनडी)/6/2024-ओ/ओ डिप्टी चीफ इंजी./कन्स्ट्रक्शन-एक/एजीसी (कम्प्यूटर सं. 114142)]
537/25 (AS) विपिन कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, निर्माण
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR


# कुंभकर्णी नींद में सो रहा शिक्षा विभाग, अभिभावकों की जेब पर डाका डाल रहे प्राइवेट स्कूल: टीम पापा

## उत्तर प्रदेश शासन के आदेशों को ठेंगा, स्कूल प्रांगण से बेच रहे यूनिफॉर्म और किताबें

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा जिले में शिक्षा विभाग की निष्क्रियता के चलते प्राइवेट स्कूल वालों के हौसले जरूरत से ज्यादा बुलंद हो चुके हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का शासनादेश और शिक्षा अधिकार अधिनियम यह कहता है की कोई भी स्कूल वाला किताबें खरीदने के लिए कोई दुकान निर्धारित नहीं कर सकता लेकिन यहां तो इससे भी एक कदम आगे बढ़कर स्कूल वालों ने यूनिफॉर्म और किताबें अपने स्कूल प्रांगण से ही बेचनी शुरू कर दी हैं. प्रोग्रेसिव एसोसिएशन ऑफ़ पेरेंट्स अवेयरनेस (टीम पापा) कि ऑफिस में पहुंच कर अभिभावकों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई एक अभिभावक ने अपना मोबाइल खोलकर सेंट पैट्रिक स्कूल के द्वारा भेजा गया मैसेज दिखाया जिसमें स्कूल के द्वारा लिखा गया था की सेंड पैट्रिक के यूकेजी कक्षा के अभिभावकों को 27 मार्च सुबह 7ः30 से 10ः00 बजे तक 2700 रुपए लेकर स्कूल में आने हैं जहां से उनको यूनिफॉर्म दी जाएगी, दूसरे मामले में एक अभिभावक ने रिकॉर्डिंग वीडियो के साक्ष्य प्रस्तुत करते हुए दिखाया कि कौलक्खा आगरा स्थित सेंट क्लेयर यूनिट दो में स्कूल प्रांगण से ही किताबें बेची जा रही हैं. पापा संस्था के राष्ट्रीय संयोजक दीपक सिंह सरीन ने बताया कि उन्होंने इस मामले में मुख्य विकास अधिकारी के पास अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए कहां है कि इस मामले को जनसुनवाई में ना डाला जाए बल्कि त्वरित कार्रवाई के आदेश जारी कर जाएं दीपक सिंह ने इस मामले में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को भी आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनकी ढील के चलते ही प्राइवेट स्कूलों के हौसले बुलंद हो रहे हैं अभिभावक लगातार शिकायत करने के लिए आगे आते हैं लेकिन शिकायतों पर कार्रवाई समय पर ना हो पाने की वजह से अभिभावकों का उत्साह ठंडा हो जाता है जिसका लाभ प्राइवेट स्कूल वाले उठा लेते हैं, अब यदि प्रशासन अभिभावकों की समस्या को गंभीरता से नहीं लगा तो मजबूरी में हमें भी सड़क जाम करने जैसी चीज करनी पड़ेगी जिससे कानून को उल्लंघन होगा लेकिन इसकी पूर्ण जिम्मेदारी जिला प्रशासन आगरा और शिक्षा विभाग की ही मानी जायेगी. (आदरणीय संपादक महोदय हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इस खबर को अपने सम्मानित पटल पर प्रकाशित करने की कृपा करें ताकि प्रकाशित खबर से होने वाली जन जागरूकता के चलते अधिकारी इसे संज्ञान में ले सकें और अभिभावकों का शोषण होने से बच सके)

**सलंग्न**

1, सेंट पैट्रिक के द्वारा भेजा गया स्क्रीन शॉट (छायाप्रति)

2, सेंट क्लेयर (कोलक्खा) के प्रांगण में बिकती पुस्तके (वीडियो)

# केला देवी पद यात्रा में श्रद्धालु माँ के जयकारे लगाते हुए केला देवी मन्दिर की ओर बढ़े



**फतेहपुर सीकरी।** में राजेश्वरी श्री कैला देवी के मेले में इस वर्ष भी लाखों श्रद्धालुओं का उत्साह देखने को मिल रहा है। कैला देवी पद यात्रा में श्रद्धालु माँ के जयकारे लगाते हुए कैला देवी मंदिर की ओर बढ़ रहे हैं। हर साल की तरह इस वर्ष भी गुलिस्तां होटल पर पदयात्रियों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भोजन, जल स्नान स्वाथय और ठहरने अन्य जरूरी सुविधाएं मिल सकें। भंडारे का आयोजन फतेहपुर सीकरी गुलिस्तां होटल में व्यवस्थित रूप से संचालन हो रहा हैं यात्रा के दौरान यात्री कर रहे हैं माँ के जयकारे आगरा से कैला देवी विश्व हिन्दू परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष आदित्य फौजदार ने बताया कि फतेहपुर सीकरी गुलिस्तां होटल में आयोजित किए गए भंडारे में यात्रियों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। यहाँ पर शीतल जल, कोल्ड ड्रिंक, नमकीन, चिप्स, बिस्कुट, चाय और कई प्रकार के व्यंजन उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा, यात्रियों को चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि कोई भी श्रद्धालु किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करे।भंडारे की व्यवस्था को सफल बनाने के लिए कई समाजसेवियों और समिति के सदस्यों ने कड़ी मेहनत की डालू ठेकेदार अनुज मित्तल सुरेश काका यदुवीर माहुरा बजरंगी हरिओम मंगल विष्णु लवानिया धर्मवीर बसेरी पवन यादव नरेश चंद्र कोली अमित खंडेलवाल नितिन गर्ग शिवानी बाला ओमी टीकरी उत्कर्ष माहुरा गोरब चौधरी अरविन्द राजपूत मोंटी सिंह पप्पू बघेल अमर पाल सोनू मंगल हर्ष जैन रीतेश शर्मा अजय त्रिपाठी निहाल सिंह धर्मपाल सिंह पंडित मनीष मिस्त्री टीम सदस्य शामिल रहे। इनके सहयोग से भंडारे की व्यवस्था बेहद सुचारू और व्यवस्थित रूप से चल रही है।

## राणा सांगा पर अभद्र टिप्पणी से भड़के भाजपा नेता अनिल भारद्वाज, कहा - महापुरुषों पर अभद्र टिप्पणी अस्वीकार्य

साांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** सपा नेता और राज्यसभा सदस्य रामजीलाल सुमन मेवाड़ के महान योद्धा राणा सांगा पर विवादित बयान देकर बुरी तरह फंस गए हैं। उनके खिलाफ देशभर में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं और उन्हें अयोग्य घोषित कर राज्यसभा से बर्खास्त करने की मांग की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व महानगर अध्यक्ष वर्तमान मीडिया सह प्रभारी बृज क्षेत्र अनिल भारद्वाज ने सपा नेता रामजीलाल सुमन के बेहूदा बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने सामाजिक समरसता को छिन्न-भिन्न कर बहुसंख्यक समाज की भावनाओं को आहत करने वाले सपा नेता रामजीलाल सुमन को अयोग्य घोषित कर राज्यसभा से बर्खास्त करने और उन्हें सीघ्र गिरफ़्तार कर जेल भेजने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि राणा सांगा मेवाड़ के महान राजा और सैन्य नेता थे, जिन्होंने मेवाड़ की रक्षा के लिए कई लड़ाइयां लड़ी थी, जिसमें खानवा की लड़ाई भी शामिल है , उनकी बहादुरी और सैन्य कौशल को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि राणा सांगा ने मेवाड़ को एक मजबूत और स्थिर राज्य बनाने के लिए काम किया था। उनकी राजनीतिक सूझ-बूझ ने मेवाड़ को एक मजबूत और शक्तिशाली राज्य बनाया था। उन्होंने मेवाड़ की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने के लिए काम किया था। उन्होंने तमाम मंदिरों और स्मारकों का निर्माण कराया था, जो आज भी मेवाड़ की सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है।

श्री भारद्वाज ने सपा नेता का ज्ञानवर्धन करते हुए कहा कि राणा सांगा एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक व्यक्ति हैं, जिन्होंने मेवाड़ के इतिहास को आकार देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनकी ऐतिहासिक महत्ता को नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि महान योद्धा राणा सांगा के विरुद्ध किसी भी प्रकार की अभद्र टिप्पणी अस्वीकार्य है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता।

## राहुल नगर में शुक्ला परिवार ने किया विशाल भंडारे का आयोजन, विश्वशांति और मानवजाति के कल्याण की कामना की

साांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** चैत्र नवरात्र से पूर्व श्रद्धालुओं में अपार श्रद्धा और भक्ति का भाव साफ देखा जा रहा है। नवरात्र आने से पहले ही विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान आरंभ हो चुके हैं। इसी क्रम में गुरुवार को मऊ रोड़ स्थित राहुल नगर में शुक्ला परिवार ने विश्वशांति और मानवजाति के कल्याण की कामना के साथ विशाल भंडारे का आयोजन किया, जो दोपहर दो बजे से आरंभ होकर देर साम तक जारी रहा। माता वैष्णो देवी को समर्पित भंडारे में सैकड़ों राहगीरों ने पूड़ी सब्जी के प्रसादी का आनंद लिया और आयोजकों की मुक्त कंठ से प्रशंसा और सराहना करते हुए जय माता दी के गगनभेदी नारों का उद्घोष किया। व्यवस्थापक आशुतोष शुक्ला ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी जगत जननी मां जगदम्बा की असीम अनुकम्पा से भंडारे का आयोजन सकुशल संपन्न हो रहा है और क्षेत्रीय नागरिकों का हरसंभव सहयोग मिल रहा है। कार्यक्रम के आयोजक रहे आशुतोष शुक्ला के अलावा अभिषेक शुक्ला, प्रभा शुक्ला, सार्थक शुक्ला, सीमा शुक्ला, शारदा देवी शुक्ला, वरिष्ठ अधिवक्ता केशव देव शुक्ला आदि मौजूद थे।

## आगरा-ग्वालियर हाईवे पर बड़ा हादसा टला : गड्ढे में फंसे श्रद्धालुओं के टेंपो पर पलटते-पलटते बचा मिनी ट्रक

### एक दर्जन से ज्यादा यात्री थे सवार



साांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** आगरा-ग्वालियर हाईवे पर नगला माकरोल स्थित नवभारत हॉस्पिटल के पास एक बड़ा हादसा टल गया। हाईवे पर बने गड्ढों और जलभराव की वजह से यहां आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। बुधवार शाम करीब 9ः30 बजे की घटना है। करौली से केला मैया के दर्शन करके लौट रहे श्रद्धालुओं का टेंपो एक गड्ढे में फंस गया। लोग टेंपो को धक्का देकर निकालने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान ग्वालियर की तरफ से आ रहा एक मिनी ट्रक भी जलभराव वाले गड्ढे में फंस गया। ट्रक टेंपो पर पलटते-पलटते बचा।टेंपो में एक दर्जन से अधिक श्रद्धालु सवार थे। सेमरी ताल के रहने वाले ईश्वरी प्रसाद ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ करौली से लौट रहे थे।ट्रक चालक आमिर खान ने बताया कि वह महाराष्ट्र से गाजियाबाद सब्जी मंडी जा रहे थे। गड्ढा गहरा होने की वजह से दिखाई नहीं दिया।स्थानीय निवासी जिनेश शर्मा और शेर सिंह के मुताबिक हाईवे पर गड्ढों की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोग घायल हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन ध्यान नहीं दे रहा है। क्षेत्र के निवासियों ऋषि कुमार, वीरेंद्र कुमार, रामू चौधरी, शेर सिंह प्रधान और श्याम फौजदार ने सड़क के किनारे नाले के निर्माण की मांग की है।

## सांसद सुमन के यहां बवाल की रिपोर्ट में घर के अंदर घुसकर लूटपाट का जिक्र

साांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर विगत दिवस हुए बवाल के मामले में सुमन के पुत्र पूर्व विधायक रणजीत सुमन द्वारा थाना हरीपर्वत पर दर्ज कराये गये मुकदमे में घर के अंदर घुसकर लूटपाट किये जाने का भी जिक्र किया है। रणजीत सुमन द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट में कहा गया है कि 26 मार्च को दिन में दो बजे मेरे आवास पर सैकड़ों की संख्या में अनियंत्रित भीड़ ने जान से मारने की धमकी एवं जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मुझ पर और मेरे समर्थकों पर प्राण घातक हमला किया। मेरे समर्थकों ने मुझे बचाकर निकाला गया, अन्यथा उपरोक्त लोग मेरी हत्या कर देते। रिपोर्ट में कहा गया है कि भीड़ द्वारा घर पर और गाड़ियों के शीशे तोड़े गये। उनकी फ?र्च्यूनर गाड़ी का शीशा तोड़कर पर्स और नकदी व अन्य सामान लूट लिया। फ्लैट नंबर 3/2 एचआईजी में घुसकर घरेलू सामान तोड़ा गया और कीमती सामान की लूट की गई। इस हमले में उनके समर्थकों को चोटें आई हैं। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सोशल मीडिया पर ऐलान करने के बाद सुनियोजित तरीके से ये हमला किया गया।

**रासुका में कार्रवाई और गिरफ्तारी की मांग**

राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता रमाशंकर शर्मा एडवोकेट एवं अन्य अधिवक्ताओं ने पुलिस कमिश्नर को दिए गए पत्र में सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आवास पर करणी सेना के कार्यकर्ताओं द्वारा किये गये हमले की कड़ी निंदा करते हुए कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है। अधिवक्ताओं ने कहा कि इस घटना से पूरी तरह साबित हो गया है कि भाजपा शासन में पूरे प्रदेश में पूरी तरह से गुंडाराज व्याप्त है। लोकतंत्र में किसी के विचारों से खिन्न होकर विरोध के और भी तमाम तरीके हैं। सभी अधिवक्तागण व कांग्रेसजन घटना की तीव्र निंदा करते हैं। हालांकि हम सभी लोग सांसद सुमन के बयान का भी समर्थन नहीं करते। पत्र में सुमन के आवास पर गुंडागर्दी व तोड़फोड़ करने वाले तत्वों के विरुद्ध दर्ज रिपोर्ट में अन्य धाराओं के साथ-साथ रासुका, दलित एक्ट एवं जानलेवा की धाराएं भी लगाई जाएं। शीघ्र ऐसे तत्वों की गिरफ्तारी की जाए। कार्रवाई की मांग करने वालों में अधिवक्ता राम दत्त दिवाकर, आरएस मौर्य, पवन कुमार गौतम, बीएस फौजदार, राजेंद्र गुप्ता धीरज, सत्य प्रकाश सक्सेना, उमेश जोशी, अश्विनी श्रीवास्तव, चंद्रभान निर्मल, रतीराम, राकेश नौहवार एवं जिला कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता पवन कुमार शर्मा, प्रदीप चंसौलिया, मुकेश गढ़ौक, सुरेश आमौरिया, नवीन वर्मा और ओपी वर्मा आदि शामिल हैं।

## मंडल रेल प्रबंधक की अध्यक्षता में दसवी मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की प्रथम बैठक संपन्न

साांध्य पहल संवाददाता





**आगरा।** आगरा रेल मंडल की दसवी मंडल रेल उपभोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति की प्रथम बैठक मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल की अध्यक्षता मे मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के गोवर्धन सभागृह में सम्पन्न हुई। सर्वप्रथम समिति के सभी सदस्यों का स्वागत समिति के सचिव श्री अमित आनन्द वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक द्वारा किया गया। सदस्यों से परिचय के उपरान्त समिति के अध्यक्ष मंडल रेल प्रबंधक द्वारा सभी सदस्यों को आगरा मंडल की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी तथा आगरा मंडल के यात्री सुविधओं के लिए किए गये सभी कार्यो से सदस्यों को अवगत कराया और कहा कि आगरा मंडल निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रणी है । गतिशीलता हमारी पहचान है। दसवी मंडल रेल उपभोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति की प्रथम बैठक में 15 सम्मानित सदस्यों ने भाग लिया जिसमें सदस्य श्री राधेश्याम गोयल ने सुझाव दिया की ईदगाह आगरा से चलकर बांदीकुई के मध्य चलने वाली गाड़ी संख्या 64621/22 को यात्रियों की मांग को देखते हुए ट्रेन की रेक बढ़ाकर इसे बांदीकुई से आगे जयपुर तक चलाया जाना चाहिए, सदस्य श्री कृष्ण कुमार गोयल ने बताया कि ट्रेनों को आउटर एवं लूप लाइन पर खड़ी ना कर केवल स्टेशन पर ही रोका जाए, श्रीमत निधि अग्रवाल ने सुझाव दिया कि रेलवे के द्वारा महिलाओं के लिए बेबी फेडिंग सेंटर बनाने चाहिए ताकि महिलाएँ अपने बच्चों को फीडिंग करा सकें एवं महिलाओं की सुरक्षा को देखते हुए हर ट्रेन के अंदर पैनिक बटन होना चाहिए जो कि रेलवे के कंट्रोल रूम से कनेक्ट हो सके जिससे पता चल सके कि किस ट्रेन की बोगी में महिलाओं को क्या समस्या है, सदस्य श्री दीपेंद्र सिंह ने कहा कि नंदबई स्टेशन पर कोच डिस्प्ले भी लगाया जाए, जिससे कि यात्रियों को ट्रेनों के निर्धारित समय के बारे में जानकारी मिलती रहे, सदस्य श्री मुकेश वर्मा, श्री राजीव कुमार गुप्ता, श्री मुकेश वार्ष्णेय, श्री शिवदत्त शर्मा, श्री गोपाल दुबे, श्री प्रदीप कुमार लूथरा, श्री नितिन दिवाकर, श्री देवेंद्र सविता, श्री विनोद कुमार वार्ष्णेय, श्री नागेंद्र कुमार व श्री अखिल अग्रवाल ने भी सुझाव दिए। इसके उपरान्त लाँटरी सिस्टम के माध्यम से सभी उपस्थित मंडल रेल उपभोगकर्ता एवं परामर्शदात्री समिति के सदस्यों में से श्री देवेन्द्र सविता का चयन क्षेत्रीय रेल उपभोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य हेतु किया गया। समिति के अध्यक्ष मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल द्वारा उक्त सभी सुझावों पर गंभीरतापूर्वक सुनकर यथासंभव पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया तथा इसके साथ ही उन्होने सभी सदस्यों से सहयोग की अपेक्षा की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के साथ मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति श्री एम.पी. सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक /इन्फ्रा श्री प्रनव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजयशंकर प्रसाद, वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री अमित आनन्द, वरि. मंडल इंजीनियर/समन्वय श्री नितिन गर्ग, वरि.मंडल परिचालन प्रबन्धक श्री हृषिकेश मौर्य, वरि. मंडल कार्मिक अधिकारी श्री सनत जैन, वरि. मंडल सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री सुबोध राजपूत, वरि. मंडल यांत्रिक इंजीनियर/कै.वै. श्री राजकुमार वर्मा, वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य श्री आर.के. बघेला, मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री बी.एस. चौहान, मंडल परिचालन प्रबंधक एवं जनसंपर्क अधिकारी कु.प्रशस्ति श्रीवास्तव, सहायक वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग श्री वीरेन्द्र सिंह, सहायक वाणिज्य प्रबंधक फ्रेट श्री संजीव कुमार, सहायक सुरक्षा आयुक्त श्री टी.के. अग्निहोत्री के साथ अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।





## सुमन के आवास पर पहुंचे शिवपाल यादव, कहा- डरेंगे नहीं और दे डाली बड़ी चेतावनी

**समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के घर पर हमला हुआ। पथराव कर दिया गया। इस घटना के बाद सपा में आक्रोश है। गुरुवार दोपहर शिवपाल सिंह यादव उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।**



साांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव बृहस्पतिवार को आगरा में सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर पहुंचें। उनके आगमन के दौरान समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान पुलिस भी अलर्ट दिखाई दी। शिवपाल सिंह यादव का काफिला यहां पहुंचते ही सपा कार्यकर्ताओं में जोश भर गया। इस दौरान जमकर नारेबाजी हुई।

**शासन-प्रशासन के इशारे पर हुआ हमला**

शिवपाल यादव ने कहा कि रामजीलाल सुमन समाजवादी पार्टी के काफी वरिष्ठ नेता हैं। उनके घर पर शासन-प्रशासन के इशारे पर हमला हुआ। कई किलोमीटर दूर से हमलावर गाड़ियों से चलकर यहां तक पहुंचे। पुलिस चाहती तो उन्हें रोक सकती थी।

**सौहार्द बिगाड़ना चाहती है भाजपा**

उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी सौहार्द बिगाड़ना चाहती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इन लोगों ने कहीं विकास कार्य किया नहीं। महंगाई रोक नहीं पाए। रोजगार दे नहीं पाए। उन्होंने कहा कि झुकेंगे नहीं, मुकाबला करेंगे। इनकी दबंगई को बर्दाश्त भी नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा तुष्टीकरण की राजनीति करती है। इसी तरह के मुद्दों के उठाकर सौहार्द बिगाड़ना चाहती है। ये लोग दलित विरोधी हैं, अल्पसंख्यक विरोधी हैं।

## राणा सांगा पर दिया विवादित बयानः सपा सांसद का जमकर विरोध, भाजपाईयों ने सांसद का पुतला फूँका, राज्यसभा से निलंबन की उठाई माँग

साांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** तहसील किरावली के कस्बा अछनेरा चौराहे पर गुरुवार को भाजपाईयों ने सपा सांसद रामजीलाल सुमन के, महाराणा सांगा को लेकर दिए गए बयान के खिलाफ, जमकर विरोध प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा सभासद पवन छोंकर के नेतृत्व में सांसद का पुतला फूंक, जमकर नारेबाजी की। इस दौरान सभासद पवन छोंकर ने कहा कि, सपा सांसद रामजीलाल सुमन ने कुंठित मानसिकता के चलते ऐसा गैर-जिम्मेदाराना बयान दिया है। रामजीलाल सुमन को इतिहास की कोई जानकारी नहीं है। महाराणा सांगा ने अपने जीवन में 100 से अधिक युद्ध लड़े और कई बार उन्होंने इब्राहिम लोदी एवं बाबर को हराया। साथ ही यह भी मांग करते हुए कहा कि, रामजीलाल सुमन को राज्यसभा से निलंबित कर, समाज से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने प्रदेश ही नहीं, बल्कि समूचे देश के क्षत्रिय समाज को अपमानित करने का कार्य किया है। सांसद की टिप्पणी से हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। साथ ही कहा कि, सांसद रामजीलाल सुमन के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए, सांसद पद से हटाकर आपराधिक मुकदमा चलाकर दंडित कराया जाए। ताकि भविष्य में इस प्रकार का व्यवहार कोई नहीं कर पाए। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से नेमसिंह चौधरी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य भाजपा किसान मोर्चा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष गुलशन गर्ग, जिला पंचायत सदस्य मोहित सोलंकी, पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह, रजत छौंकर, शिवा माहौर, मुकेश धनगर, उदय चाहर, कोमल सिंह सिकरवार अंशुल वर्मा आदि मौजूद रहे।

## राजा भइया ने 'लोकमित्र' के 69वें प्रकाशन वर्ष पर दी शुभकामना

साांध्य पहल संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व कैबिनेट मंत्री और कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया ने लोकमित्र हिंदी समाचार पत्र के 69वें प्रकाशन वर्ष पर संपादक मंडल और पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि लोकमित्र न केवल प्रतापगढ़ बल्कि आसपास के जिलों में भी अपनी एक विशिष्ट पहचान बना चुका है।राजा भइया ने लोकमित्र के योगदान को सराहते हुए कहा, ÷जब से मैंने होश संभाला, तब से देख रहा हूं कि लोकमित्र जन-जन की आवाज बनकर उभरता रहा है। उन्होंने इसे एक महान तपस्या का परिणाम बताते हुए कहा कि इस समाचार पत्र की नींव पंडित राम निरंजन भगवन ने रखी थी, जिसे अब उनके पुत्र संतोष भगवान पूरी निष्ठा और प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने दिवंगत पंडित राम निरंजन भगवन को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनकी स्मृतियां हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राजा भइया ने लोकमित्र की पत्रकारिता को भारतीय सनातन संस्कृति की मजबूती में सहायक बताया। उन्होंने कहा कि ÷भारत एक धर्मप्राण राष्ट्र है, और हमारी सनातन संस्कृति को गौरवान्वित करने में विचारों एवं लेखों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। लोकमित्र सदैव इस दायित्व का निर्वहन करता आया है। राजा भइया ने प्रधान संपादक संतोष भगवन और लोकमित्र के संपादक मंडल को बधाई देते हुए कहा कि इस समाचार पत्र ने प्रतापगढ़ की आवाज को पूरे प्रदेश में मजबूती से रखने में सफलता प्राप्त की है। उन्होंने जनसत्ता दल लोकतांत्रिक की ओर से लोकमित्र परिवार को मंगलकामनाएं प्रेषित कीं और भविष्य में समाचार पत्र की निरंतर प्रगति की कामना की।

## राष्ट्र वादी शिक्षक महासंघ ने की जिले में जुम्मा अल विदा पर अवकाश की माँग

**किरावली ।** राष्ट्र वादी शिक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मुकेश डागुर ने जिला अध्यक्ष कीर्ति पाल के साथ जिलाधिकारी आगरा को ज्ञापन के माध्यम से अन्य जिलों की तरह आगरा जिले में भी 28 मार्च को रमजान के पाक महीने के आखिरी शुक्रवार को अलविदा जुम्मा के दिन बेसिक शिक्षा परिषद के अधीन विद्यालयों में अवकाश घोषित करने के लिए जिला अधिकारी कार्यालय पर विनोद कुमार चौधरी डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंप शिक्षकों को अवकाश प्रदान करने की मांग की, चौधरी ने ज्ञापन लेते हुए कहा कि मांग जायज है और अवकाश करने की लिए जिलाधिकारी महोदय से वार्ता करेंगे जिससे अवकाश घोषित हो सके। इस अवसर पर जीशान अहमद ,शाकिर हुसैन ,विजय सिंह आदि साथी मौजूद रहे।



## थानाध्यक्ष डीपी तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई सद्भावना बैठक, सामाजिक सौहार्द बनाए रखने का किया आह्वान

साांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** फतेहाबाद नगर पंचायत परिसर में थानाध्यक्ष डीपी तिवारी की अध्यक्षता में मुस्लिम समाज के प्रबुद्ध जनों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। बैठक का एजेंडा आगामी त्योहारों पर शांति व्यवस्था स्थापित बनाए रखने पर केन्द्रित रहा। बैठक में थानाध्यक्ष डीपी तिवारी ने मुस्लिम समाज के नागरिकों को ईद की शुभकामनाएं देते हुए सामाजिक समरसता को स्थापित बनाए रखने का आव्हान किया।

## रामजी लाल सुमन के खिलाफ करणी सेना का ऐलान, जुबान काटकर लाने पर 5.51 लाख का नगद इनाम

साांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन के बयान पर करणी सेना मेवाड़ ने रोष व्यक्त किया है। संगठन ने 5.51 लाख रुपये इनाम की घोषणा की है जो उनकी जुबान काटकर लाएगा। सांसद के आगरा स्थित घर पर हमले के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद रामजी लाल सुमन के बयान को लेकर करणी सेना मेवाड़ ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। संगठन ने बड़ा और विवादित ऐलान करते हुए कहा कि जो भी रामजी लाल सुमन की जुबान काटकर लाएगा, उसे 5.51 लाख रुपये का नकद इनाम दिया जाएगा। करणी सेना के इस एलान के बाद कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट के बाहर सांसद रामजी लाल सुमन के खिलाफ उग्र प्रदर्शन किया। करणी सेना के इस बयान के बाद से इस मामले में और तूल पकड़ने की आशंका जताई जा रही है। राज्यसभा में समाजवादी पार्टी के सांसद रामजी लाल सुमन ने राणा सांगा को गद्दार बताया था। उनके इस बयान पर करणी सेना मेवाड़ ने नाराजगी जाहिर की और कड़ी प्रतिक्रिया दी। करणी सेना ने ऐलान किया कि जो भी सांसद की जुबान काटकर लाएगा, उसे 5.51 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा। इसके एक दिन पहले ही करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने आगरा में सपा सांसद के घर पर हमला कर दिया था। यूपी पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की संभावना है। करणी सेना मेवाड़ के पदाधिकारियों ने कहा कि रामजी लाल सुमन के हालिया बयान से हिंदू समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगठन के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, %हम यह अपमान सहन नहीं करेंगे। अगर कोई सुमन की जुबान काटकर लाएगा, तो उसे 5.51 लाख रुपये का इनाम दिया जाएगा।%राज्यसभा में राणा सांगा को गद्दार कहने वाले सपा सांसद रामजी लाल सुमन के आगरा स्थित घर पर बुधवार को करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने हमला कर दिया। 1000 से ज्यादा कार्यकर्ता बुलडोजर लेकर सांसद के आवास पर पहुंचे। वहां जमकर तोड़फोड़ और पथराव किया। झड़प में कई पुलिसकर्मी घायल हो गए। करणी सेना के कार्यकर्ताओं ने सांसद के घर के बाहर खड़ी 10 से ज्यादा गाड़ियों में तोड़फोड़ की। 40 से 50 कुर्सियां तोड़ डालीं। मेन गेट तोड़कर घर के अंदर घुसने की भी कोशिश की। 14 पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। बवाल के वक्त सांसद रामजी लाल सुमन दिल्ली में थे। जिस समय उनके घर हमला हुआ, वहां से 1 किमी दूरी पर सीएम योगी का कार्यक्रम चल रहा था। करणी सेना के इस विवादित बयान के बाद पुलिस और प्रशासन सतर्क हो गया है। सांसद रामजी लाल सुमन की सुरक्षा बढ़ा दी गई है और मामले की गंभीरता को देखते हुए कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने अतिरिक्त बल तैनात कर दिया है। इस पूरे मामले पर राजनीतिक दलों की भी प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। समाजवादी पार्टी ने करणी सेना के बयान की निंदा करते हुए कहा कि इस तरह की धमकियां लोकतंत्र के लिए खतरनाक हैं। वहीं, अन्य विपक्षी दलों ने भी इस पर चिंता जताई और कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करने की मांग की। उधर, इस बीच पुलिस ने करणी सेना के पदाधिकारियों के बयान को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ऐसे भड़काऊ बयानों को गंभीरता से लिया जाएगा और कानूनी कार्रवाई की जाएगी।


**सार्वजनिक सूचना**

मैं अपने पुत्र रघुवीर सिंह को उसके द्धारा आए दिन घर में लडाई-झगडा करने से परेशान होकर अपने पुत्र रघुवीर सिंह को अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर अपने समस्त संबंध विच्छेद कर लिए है। अब उसके द्धारा कानूनी व गैर कानूनी कार्य किये गए किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगा, हमारा व हमारे परिवार के अन्य सदस्यों की भी कोई जिम्मेदारी नही होगी।

प्रार्थी
जगन्नाथ
निवासी–दहतौरा
जिला–आगरा– 282007

# संपादकीय

## आर्थिक धोखाधड़ी से सीख जरूरी

केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने संसद में बताया कि बीते दस सालों में बैंकों ने 16.35 लाख करोड़ रुपये बट्टे खाते में डाले हैं। गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) को बैंक बट्टे खाते में डालते हैं। आंकड़ों के अनुसार 2014-15 में यह रकम लगभग 59 हजार करोड़ थी, जो 2023-24 में 1.70 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गई। सदन में बड़े कर्जदारों और औद्योगिक घरानों के लिए बट्टे खातों में डाले गए कर्ज के बारे में प्रश्न पूछे गए थे। वित्त मंत्री ने स्पष्ट किया कि बट्टे खाते में डालने से उधारकर्ताओं को देनदारियों में छूट नहीं मिलती। अलबत्ता, यह जरूर कहा कि कर्ज और बट्टे खाते में डाले गए कुल एनपीए का वर्षवार ब्योरा रखा जाता है।यह राशि बट्टे खाते में डाली गई कुल राशि का लगभग 57त्र है। हालांकि कंपनियों के नाम पर आरबीआई अधिनियम, 1934 की धारा 45ई के तहत उधारकर्ता का खुलासा निषिद्ध है। लेकिन बैंकों की तरफ से देय राशि की वसूली के संबंध में उधारकर्ताओं को लगातार फोन किया जाता है, और पत्र/ईमेल भी भेजे जाते हैं। राशि के आधार पर बैंक कॉरपोरेट उधारकर्ताओं के दीवालियापन समाधान के लिए कंपनी लॉ न्यायाधिकरण से भी संपर्क करता है।,समय-समय पर सरकार के पक्षपाती रवैये पर ऋणमाफी को लेकर आरोप भी लगते रहते हैं जबकि इसकी तुलना में 2008 में यूपीए सरकार द्वारा मात्र 60 हजार करोड़ रुपये की कृषि माफी की जा सकती है। सोलह लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि मोदी सरकार के कार्यकाल में बट्टे खाते में डाली गई, जो साल-दर-साल बढ़ती नजर आ रही है। सिर्फ बैंकों के बही-खातों को दुरुस्त रखने या मोटी राशि बट्टे खातों में छिपाने से अर्थव्यवस्था प्रधानमंत्री के दावों पर खरी नहीं उतर सकती।रूजैसा कि सीतारमण ने स्वीकारा भी कि ऋण की देनदारी बनी रहती है, मगर सरकार को सख्त नियम लागू करने में देर नहीं करनी चाहिए। असल सवाल है कि इस विशाल धनराशि के बट्टे खाते में डाले जाने का नुकसान किसको उठाना होगा। बैंकों पर ठीकरा फोड़ना मात्र मन-बहलाव है क्योंकि वे तो धन-प्रबंधक भर हैं। उद्योगपतियों की आर्थिक आपराधिक गतिविधियों का खमियाजा अंततः देश को भुगतना पड़ता है। बड़े औद्योगिक घरानों का पक्ष लेने और उनकी ऋणमाफी से सरकार जमाकर्ताओं को ज्यादा देर धोखा नहीं दे सकती। अब बैंकों की कंगाली और उनके साथ आर्थिक धोखाधड़ी की घटनाओं से सीख लेनी जरूरी है।

# गहने कोहरे और पाले से कोकून में नमी

पंकज चतुर्वेदी

तमिलनाडु का धरमपुर रेशम के लिए मशहूर है। यहां सालाना लगभग 17 लाख टन रेशम कोकून की पैदावार होती है। पिछले कुछ हफ्तों में जिले भर में कोहरे और खराब जलवायु परिस्थितियों ने ऐसा डेरा डाला कि कोकून की कीमत में भारी वृद्धि हो गई। फरवरी के दूसरे हफ्ते में इसके दाम 857 प्रति किग्रा. दर्ज किए गए जबकि इस समय औसत कीमत 520 रु पये से अधिक नहीं होती।

आम तौर पर इस समय इलाके का मौसम खुला रहता है लेकिन इस बार गहने कोहरे और पाले से कोकून में नमी आ गई। इसके चलते अच्छी गुणवत्ता वाले रेशम का संकट दिखने लगा और दाम चढ़ गए। बदलते मौसम का असर शहतूत के पेड़ों पर भी देखा गया। विदित हो रेशम के कीड़ों का आहार शहतूत ही होता है। मंडी में आवक काम और दाम ज्यादा होने से बुनकर भी परेशान हैं। धर्मपुरी का रेशम तो एक उदाहरण भर है कि किस तरह समय से पहले गर्मी आने का व्यापक कुप्रभाव समाज पर पड़ रहा है। प्रवासी पक्षियों का पहले लौटना, सड़क के कुत्ते और अन्य जानवरों के व्यवहार में अचानक उग्रता और रबी की फसल की पौष्टिकता में कमी, कुछ और ऐसे कुप्रभाव हैं, जो जलवायु परिवर्तन के कारण हमारे यहां दिखने लगे हैं। इस साल इतिहास में तीसरा सबसे गर्म जनवरी और फरवरी रहा। जनवरी में देश में बारिश 70त्र कम रही। पहाड़ी राज्यों में बारिश और बर्फबारी 80त्र तक कम रही। फरवरी के आखिरी हफ्ते में विदर्भ से ले कर तेलंगाना तक 40 की तरफ दौड़ते तापमान ने लू का अहसास करवा दिया। मार्च के दूसरे हफ्ते में ऐन होली पर बरसात और ओलावृष्टि ने फसल का नुकसान दुगुना कर दिया। उसके बाद फिर गर्मी तेवर दिखा रही है।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन हफ्तों में देश के अधिकांश हिस्सों में औसत तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उत्तराखंड के पवित्र तीर्थस्थल केदारनाथ में इस वर्ष पिछले 10 वर्षों में सबसे कम बर्फबारी दर्ज की गई है। इस बार सर्दियों में यहां सिर्फ दो फीट बर्फबारी हुई है, जो बीते वर्षों के मुकाबले काफी कम है। वैज्ञानिकों और विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जताई है, क्योंकि इससे न केवल क्षेत्र की पारिस्थितिकी प्रभावित होगी, बल्कि जल स्रोतों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। बीते 10 वर्षों में केदारनाथ में बर्फबारी का पैटर्न बदलता दिखा है। जहां 2015 में आठ फीट बर्फ गिरी थी, वहीं 2025 में यह घट कर मात्र दो फीट रह गई है। कम बर्फबारी और जल्द गर्मी से ग्लेशियर जल्दी पिघलेंगे और गंगा-यमुना जैसी नदियों का जल प्रवाह प्रभावित होगा। केदारनाथ क्षेत्र में पाई जाने वाली दुर्लभ वनस्पतियां और वृक्ष कम बर्फबारी के कारण प्रभावित हो सकते हैं। इससे इस क्षेत्र की पारिस्थितिकी पर नकारात्मक असर पड़ेगा। कम बर्फबारी का मतलब है कि गर्मियों में जल स्रोतों में कमी आएगी जिससे पानी की किल्लत हो सकती है।

जलवायु परिवर्तन का असर किस कदर पहाड़ों पर है, इसका उदाहरण इन दिनों धौलछीना के इर्द-गिर्द और बिनसर अभयारण्य के जंगलों में साफ दिख रहा है। पहाड़ में अक्सर फरवरी के दूसरे पखवाड़े से मार्च में खिलने वाला बुरांस का फूल इस बार जनवरी में ही खिल गया था। इससे लोग हैरत में हैं और मौसम चक्र में परिवर्तन को इसकी वजह मानते हैं। जंगलों में कई जगह काफल फरवरी में ही पकने लगा था। आम तौर पर पहाड़ के जंगलों में बुरांस का फूल 15 मार्च के बाद भी खिलता है। इसके बाद ही मार्च के दूसरे पखवाड़े और अप्रैल में काफल पकता है। मगर अब प्रकृति अपना अलग रंग दिखा रही है। हैरान करने वाली बात यह है कि इस बार जनवरी के पहले पखवाड़े से ही धौलछीना के आसपास तथा बिनसर अभयारण्य के जंगलों में बुरांस खिल गया। ठीक इसी तरह से हिमाचल प्रदेश में भी बुरांस और काफल समय से बहुत पहले जनवरी में फल-फूल गए। जलवायु बदलाव का असर असम के धुबरी जिले में अजीब ही तरह से देखा जा रहा है। यहां बहने वाली ब्रह्मपुत्र नदी में अचानक हिल्सा मछलियों की संख्या बढ़ती देखी जा रही है, जो जनवरी-फरवरी के महीनों में अस्वाभाविक है। वास्तव में इसका समय मई, जून, जुलाई और अगस्त होता है। विदित हो कि हिल्सा मछलियां समुद्र के मुहाने से अक्टूबर में ब्रह्मपुत्र नदी में अंडे देने के लिए बंगाल की खाड़ी से आती हैं। हालांकि, मौसम और प्रकृति में अस्वाभाविक परिवर्तन और ब्रह्मपुत्र नदी के धीरे-धीरे सूखने के कारण हिल्सा मछलियां इस साल जनवरी के अंत से नदी में चढ़ने लगी हैं। पर्याप्त ठंड न पड़ने, जाड़े में होने वाली बरसात के न आने और फरवरी में ही गर्मी का असर मध्य भारत के खेतों में रबी की फसल पर कीट के रूप में सामने आ रहा है।

## शब्द सामर्थ्य -365


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।




### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 364 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्री |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |

# महाराष्ट्र डायरीः कामरा की पैरोडी को 'सुपारी कॉमेडी' बताने के मायने और सियासत

अजय बोकिल

कुणाल कामरा किस स्तर के कॉमेडियन हैं और उनके तेवर क्या है, इन सवालों को थोड़ा अलग रखें तो प्रश्न उठता है कि उनकी पैरोडी पर भी जिस तरह महाराष्ट्र में शिंदे सेना ने बहुत ज्यादा गंभीरता से लेकर कामरा के स्टूडियो में तोड़फोड़ की और उन्हें घर से बाहर न निकलने की धमकी दी, उससे क्या कामरा का ही महत्व नहीं बढ़ा है? कामरा द्वारा महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को निशाना बनाकर रचे गए जिस पैरोडी गीत पर शिंदे समर्थक भड़के, उसकी शब्दावली पर गौर करें तो इससे ज्यादा खराब भाषा शिंदे के खिलाफ उनके पुराने आका उद्धव ठाकरे, आदित्य ठाकरे और संजय राउत ने सार्वजनिक रूप से बार-बार इस्तेमाल की है। लेकिन शिंदे सेना ने उन पर तो कभी हमला करने की हिम्मत नहीं दिखाई। लेकिन जब वे ही शब्द कुणाल ने 'दिल तो पागल है' के टाइटल सांग की तर्ज पर बतौर पैरोडी इस्तेमाल किए तो बवाल खड़ा किया गया। यही नहीं, स्वयं एकनाथ शिंदे ने कुणाल की पैरोडी का परोक्ष स्वीकार करते हुए कहा कि 'व्यंग्य तो हम भी समझते हैं। लेकिन कुणाल ने जो किया, वह 'सुपारी कॉमेडी' है।

शिंदे का आशय था कि कुणाल ने 'किसी' के इशारे पर यह सब किया है, लेकिन इस 'किसी' का खुलासा उन्होंने भी नहीं किया। उधर कामरा को उद्धव सेना का खुला समर्थन मिलने और विपक्ष द्वारा 'कॉमेडी' को लेकर राज्य में सत्तापक्ष की असहिष्णुता की आलोचना के बाद कामरा की हिम्मत और खुल गई है।

उन्होंने साफतौर पर कहा-'मैं माफी नहीं मांगूंगा।' उल्टे उन्होंने इसी तरह का एक और वीडियो वायरल कर दिया। इस मामले में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस की भूमिका दोहरी है। एक तरफ उन्होंने स्टूडियो में तोड़फोड़ करने वाले शिंदे समर्थकों के खिलाफ एफआईआर करवाई तो दूसरी तरफ शिंदे के खिलाफ इस तरह की पैरोडी की आलोचना भी की। इसमे दो राय नहीं कि आज समाज में जिस तरह की असहिष्णुता बढ़ रही है, संवेदनशीलता घट रही है, उससे कॉमेडी बची रहे यह नामुमकिन सा है। शाब्दिक वार-पलटवार मीठी चिकौटियों के दिन शायद लद गए हैं। हर मामले में बात लट्ठ भाषा में ही करने का चलन और दुराग्रह है। ऐसे में कॉमेडियनों का मुश्किल में आना स्वाभाविक ही है। खासकर उन कॉमेडियनों का, जो प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से राजनीतिक टिप्पणियां भी करते हैं। लिहाजा ऐसी टिप्पणियों का विश्लेषण भी लक्षित व्यक्ति, दल या संगठन की राजनीतिक प्रतिबद्धता से होता है। मसलन अगर किसी को 'पप्पू' कह देना एक के लिए गहरा और ओछा व्यक्तिगत कटाक्ष है जो कई लोगों के मन को वह गुदगुदाता भी है। इसी तरह से तो 'फेकू' कहने से एक वर्ग गदगद होता है तो दूसरा बड़ा वर्ग इसे बौखलाहट में किया गया करार देता है। सारांश ये कि यदि मैं कहूं तो तो 'कॉमेडी' और तू कहे तो 'दुर्भाव।'

## सू- दोकू क्र.365

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.364 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# राशिफल

**मेष**

मेष राशिः आज का दिन अच्छा रहेगा। आज ननिहाल पक्ष से शुभ समाचार मिल सकता है, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। अचानक आपको किसी धार्मिक कार्य में सहयोग देने का अवसर मिलेगा। जिसे करने से आप अपने अंदर सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे। गणेश जी की कृपा आप पर बनी रहेगी। बच्चे माता पिता के साथ अपने मन की बात शेयर करेंगे। जीवनसाथी के साथ बहार पार्क मे टहलने का मन बनेगा। आज घर के जरुरी कार्यों को पूरा करने का प्लान बनायेंगे। आज आपकी सेहत अच्छी रहने वाली है।

**वृषभ**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आर्थिक तौर पर थोड़ा संभलकर चलने की जरूरत है। आज किसी विदेशी कंपनी से आपकी साझेदारी हो सकती है। इसका लाभ आपको आने वाले समय में मिलेगा। आज आप किसी सामाजिक कार्य मे सहयोग देंगे। आज किसी रिश्तेदार के घर उनसे मिलने जा सकते हैं। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी। आज आप जो भी काम शुरु करेंगे, उसे समय पर पूरा करने में सफल होंगे। आज कार्यक्षेत्र में तरक्की होना निश्चित है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**मिथुन**

आज आपका दिन पहले से ज्यादा फायदा दिलाने वाला रहेगा। आज बड़ो से प्रेरणा लेकर काम की पहल करने की जरूरत है। आर्थिक लाभ पाने के लिए अपनी रचनात्मक क्षमता बढ़ाएंगे तो आपको अच्छा खासा फायदा होगा। नया बिजनेस शुरु करने से पहले अनुभवी लोगों से सलाह जरूर लें। संयम व धैर्य के साथ अपने काम पर ध्यान लगायें तो आपके लिए अच्छा होगा। आज किसी सामाजिक कार्यक्रम का हिस्सा बन सकते हैं। जीवन में दूसरे लोगों का सहयोग मिलता रहेगा।

**कर्क**

आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज खास मेहमान आपके घर आएंगे, उनके साथ आप अलग-अलग पकवानों का आनंद उठाएंगे। आज नया बिजनेस शुरु करने से पहले किसी एक्सपर्ट की सलाह जरुर ले लें। लेखकों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। आज आपके लेखन कार्यों की सराहना होगी। आज के दिन आप किसी नई रचना की शुरुआत कर सकते हैं। आज सहकर्मियों की सहायता से आप बड़े से बड़े प्रोजेक्ट को आसानी से पूरा कर लेंगे। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है।

**सिंह**

आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस के किसी मीटिंग के लिए आज बॉस के साथ जाना पड़ सकता है। आज आपको अपनी वाणी पर संयम रखने की जरुरत है। आज बच्चे खेल कूद में व्यस्त रहेंगे। स्पोर्ट से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, किसी प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। आज बेहतर परिणामों के लिए आपको ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। भविष्य में सफलता आपके कदम चुमेंगी।

**कन्या**

आज आपका दिन खुशियां लेकर आया है। पहले बनायीं गयी किसी योजना से आज आपको अच्छा लाभ होगा। कई दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाने से आप रिलैक्स फील करेंगे। कारोबारियों को काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है। न्यायालय के कामों में आज आपको सफलता मिलेगी। स्टूडेंट्स के लिए दिन अच्छा रहेगा। आज आपके दाम्पत्य जीवन में नयी-नयी खुशियाँ आएंगी। लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहने वाला है। कुल मिलाकर आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है।

**तुला**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज किसी के मामलों में दखल देने से आपको बचना चाहिए। आज किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने से पहले अन्य पहलुओं पर सोच विचार करना बेहतर रहेगा। आज आप अपनी किसी समस्या को दोस्तों के साथ शेयर करेंगे। आज घर में कोई खुशियां बनी रहेंगी। बच्चों के पढ़ाई को लेकर आज थोड़ा सतर्क रहने की जरुरत है। साथ ही बच्चों को सही ढंग से गाइड करने की जरुरत है। आज अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**वृश्चिक**

आज आपका दिन बहुत ही बढ़िया रहेगा। आज आप सबसे पहले खुद के कार्यों का निपटारा करेंगे। आप के सभी रुके हुए काम पूरे हो जायेंगे। आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग आपको मिलेगा। आपके कार्यक्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज पूरा दिन तरो-ताजा महसूस करेंगे। प्राइवेट जॉब वालों के लिए आज का दिन प्रमोशन लेकर आया है। आज अपनी बात दूसरे लोगों को समझाने में सफल होंगे। जीवनसाथी आज आपको सरप्राइस देंगे।

**धनु**

आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आज आपका मन उमंग से भरा रहेगा। सभी आपकी राय या बात ध्यान से सुनेंगे। अपने आप को सही साबित करने में आज आपको मुश्किल नहीं होगी। आज जोखिम भरा काम करने से बचें। घर से बाहर निकलते समय सावधानी जरुर बरतें। किसी विशेष व्यक्ति से आज मुलाकात कर सकते हैं। पैसों के लेनदेन में सावधानी बरतने की जरुरत है। अगर आप संयोगवश किसी काम को पूरा नहीं कर पाएं हो तो आज के दिन उसे पूरा कर लेना ही सही रहेगा।

**मकर**

आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कोर्ट-कचहरी के कामों का निपटारा तुरंत हो जायेगा। किसी सरकारी वकील का सहयोग आपको मिलेगा। इंजीनियरिंग कार्य से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन परिवर्तन करने वाला रहेगा। आज आप जॉब बदलने का मन बनायेंगे। आज माता के स्वास्थ्य में बेहतर सुधार आएगा। आज अपनी आगे की प्लानिंग को लोगों के साथ शेयर करने से बचना होगा। छात्रों को परीक्षा के बेहतर परिणाम मिलेंगे। कंप्यूटर कोर्स ज्वाइन करने का मन भी बनायेंगे।

**कुंभ**

आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपका मन सामाजिक कार्यो में लगेगा। आज विद्यार्थी अपने शिक्षकों से किसी टॉपिक को समझने के लिए समय मांगेंगे। आज का दिन अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ने का है। आज आपको किसी महत्वपूर्ण कार्य में सफलता मिलेगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज धार्मिक आयोजन में जाने का अवसर आपको मिल सकता है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। नवविवाहित दंपत्ति के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, रिश्ते में मिठास बढ़ेगी।

**मीन**

आज आपका दिन पहले से अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरु करेंगे वो निश्चित समय पर पूरा होगा। आज करियर से संबंधित नए अवसर आपको मिल सकते हैं। आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से जॉब का ऑफर आयेगा। कामर्स के विद्यार्थी आज मार्केट से जुड़े विषयों में दाखिला ले सकते हैं। ऑफिस में पहले से रुका हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। आज आपके बॉस आपको प्रोत्साहित करेंगे। आज आपका बिजनेस अच्छा चलेगा, धन लाभ के अवसर भी प्राप्त होंगे। माता के स्वास्थ का ध्यान रखने की जरूरत है।

# तेजी से बढ़ रही मोटापे की समस्या

अमित बैजनाथ गर्ग

**हाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात में देश-दुनिया में तेजी से बढ़ रही मोटापे की समस्या का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि खाने में ऐसी चीजों का प्रयोग मत कीजिए जिनसे मोटापा बढ़े। इनकी जगह शुद्ध सात्विक चीजों का सेवन करें। उन्होंने कहा कि स्वस्थ राष्ट्र बनाने के लिए मोटापे की समस्या से निपटना होगा। मोटापे से निजात पाना व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि यह परिवार के प्रति भी हमारी जिम्मेदारी बनती है। उन्होंने खाने में तेल का उपयोग कम करने की सलाह देते हुए कहा कि यह कई बीमारियों की वजह बनता है।**

इससे मोटापे के साथ ही डायबिटीज, बीपी और दिल की बीमारियों का खतरा बना रहता है, इसलिए हमें तेल के अधिक प्रयोग से बचना जरूरी है। पीएम मोदी ने पहले भी मोटापा कम करने के लिए कहा है। इससे एक बार फिर महामारी बनती मोटापे की बीमारी पर देश भर में चर्चा छिड़ गई है।

दुनिया भर के लिए मोटापा कितना गंभीर रोग बनता जा रहा है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दुनिया में हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे का शिकार है। स्वास्थ्य को लेकर जारी कई रिपोर्ट तस्दीक करती हैं कि भारत में भी मोटापा तेजी से पैर पसार रहा है। रिपोर्ट कहती हैं कि महिलाओं में पुरु षों के मुकाबले मोटापा अधिक है। महिलाओं में मोटापे की दर 9.8 फीसद है वहीं पुरु षों में यह 5.4 फीसद है, जबकि लड़कियों में मोटापे की दर 3.1 फीसद और लड़कों में 3.9 फीसद है।

बच्चों में भी मोटापा चार गुना तक बढ़ गया है। भारत में 40 प्रतिशत महिलाएं और 12 प्रतिशत पुरु ष पेट से जुड़े मोटापे से ग्रस्त हैं। शहरी क्षेत्रों में मोटापा ग्रामीण क्षेत्रों से ज्यादा है। दक्षिण भारत में मोटापा अधिक है। केरल, तमिलनाडु, पंजाब और दिल्ली में मोटापे की दर ज्यादा है। मध्य प्रदेश और झारखंड में मोटापे की दर कम है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के मुताबिक, 2022 में एक अरब से ज्यादा लोग इस समस्या से जूझ रहे थे। अध्ययन कहता है कि 2022 में अधिक वजन वाले वयस्कों की संख्या करीब 43 फीसद थी। यूरोप में अधिक वजन या मोटापा लोगों की मृत्यु और विकलांगता के प्रमुख कारणों में से एक है।



एक अनुमान के मुताबिक, मोटापे के चलते पूरी दुनिया में हर वर्ष 12 लाख से अधिक लोगों की मौत हो जाती है। डब्ल्यूएचओ का कहना है कि अधिक वजन वाले और मोटापा ग्रस्त लोग कोविड महामारी के परिणामों से अलग-अलग रूप से प्रभावित हुए हैं, जिन्हें अक्सर अधिक गंभीर बीमारी और अन्य जटिलताओं का सामना करना पड़ रहा है।

अधिक वजन या मोटापे को कम से कम 13 विभिन्न प्रकार के कैंसर का कारण माना जाता है, जो पूरे यूरोप में सालाना कैंसर के कम से कम दो लाख नये मामलों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार हो सकता है।

असल में मोटापे को एक जटिल दीर्घकालिक बीमारी समझा जाता है, जो संकट बन गई है। यह ऐसी महामारी के रूप में उभर रहा है, जिसमें पिछले कुछ दशकों में भारी वृद्धि हुई है। द लैंसेट में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, 1990 के बाद से मोटापे की चपेट में आने वाले वयस्कों की संख्या लगभग दोगुनी हो गई है। अध्ययन रिपोर्ट कहती है कि मोटापा कई गैर-संचारी रोगों के खतरे को बढ़ाता है, जिनमें हृदय रोग, टाइप-2 मधुमेह (डायबिटीज) और सांस संबंधी पुरानी बीमारियां शामिल हैं।

कई देशों में मोटापा सेहतमंद बनाम गैर-सेहतमंद भोजन का मामला भी बन गया है। कई बार सेहतमंद भोजन की कीमत ज्यादा होने या उपलब्ध न होने पर भी लोग ऐसे भोजन को प्राथमिकता देते हैं, जो मोटापा बढ़ा सकते हैं। एक्सपर्ट कहते हैं कि वे मोटापे के आंकड़े को वर्षो से देखते रहे हैं। मोटापे की बढ़ती रफ्तार से हैरान हैं।

कुछ एक्सपर्ट मोटापे को दो नई कैटेगरी में बांटने की वकालत भी करते हैं। पहली, क्लीनिकल मोटापा। इसका मतलब है मोटापे की वजह से हमारे शरीर का कोई अंग ठीक से काम नहीं कर रहा है, जैसे कि दिल, किडनी या लिवर। दूसरी है प्री-क्लीनिकल मोटापे की श्रेणी। इसका मतलब है कि अभी तक कोई बीमारी नहीं हुई है, लेकिन मोटापे की वजह से बीमार होने का खतरा बढ़ गया है।

तेल मोटापे की सबसे बड़ी वजह है। अगर तेल के इस्तेमाल में धीरे-धीरे कटौती करेंगे तो वजन घटेगा। मोटापे से बचने के लिए आहार और जीवनशैली में बदलाव करें। रोजाना जितनी कैलोरी बर्न करते हैं, उससे ज्यादा कैलोरी न खाएं। चीनी-मीठे पेय पदाथरे का सेवन सीमित करें। ज्यादा वसा वाले खाद्य पदाथरे से परहेज करें। प्रोटीन के स्रोतों जैसे बीन्स, दाल और सोया का सेवन बढ़ाएं। फल, सब्जियां, साबुत अनाज खाएं। भरपूर पानी पिएं।

खाने में फाइबर की मात्रा बढ़ाएं। सप्ताह तीन से चार दिन औसतन 60 से 90 मिनट या उससे ज्यादा मध्यम से तीव्र शारीरिक गतिविधि करें। टहलना, सीढ़ियां चढ़ना-उतरना, बगीचे में काम करना, टेनिस खेलना, बाइकिंग, स्केटिंग जैसी गतिविधियां करें। पर्याप्त नींद लें और तनाव प्रबंधन करें। व्यवहार संबंधी उपचार जैसे समूह परामर्श और सत्रों में शामिल हों। ध्यान रखें कि वजन धीरे-धीरे घटाने से वजन को बनाए रखने की संभावना ज्यादा होती है। इस तरह कुछ बातों का ध्यान रख कर मोटापे की समस्या से निजात पाई जा सकती है।

# विकसित भारत का सपना स्वस्थ भारत से ही पूरा होगा - उप मुख्यमंत्री

## उप मुख्यमंत्री ने वार्ड क्रमांक 38 में संजीवनी क्लीनिक का किया भूमिपूजन

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने वार्ड क्रमांक 38 में चोपड़ा स्कूल परिसर में संजीवनी क्लीनिक भवन का भूमिपूजन किया। इसका निर्माण 25 लाख रुपए की लागत से किया जा रहा है। यह रीवा शहर का दसवां संजीवनी क्लीनिक है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यहाँ संजीवनी क्लीनिक बन जाने से लगभग दो हजार परिवारों को प्राथमिक उपचार की सुविधा मिल जाएगी। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने विकसित भारत का सपना देखा है। विकसित भारत का सपना स्वस्थ भारत से ही पूरा होगा। सरकारी अस्पतालों में हजार तरह की दवाएं तथा तीन सौ से अधिक जाँचों की निःशुल्क सुविधा है। निरोगी काया अभियान के तहत मधुमेह, ब्लडप्रेशर, फैटीलीवर तथा कैंसर जैसे रोगों की निःशुल्क जाँच की जा रही है। आमजनता इनका लाभ उठाकर अपने आप को स्वस्थ रखे। कैंसर का भी समय पर पता लग जाता है तो रोगी पूरी तरह से ठीक हो जाता है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है। यहाँ की स्वास्थ्य सुविधाओं में निरंतर वृद्धि हो रही है। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल जबसे खुला है तब से नागपुर जाने वालों की संख्या आधी हो गई है। इस



अस्पताल में कल ही दो किडनी ट्रांसप्लांट के सफल आपरेशन हुए हैं। एंजियोप्लास्टी, एंजियोग्राफी और ओपनहार्ट सर्जरी के आपरेशन भी हो रहे हैं। लगभग दो माह में कैंसर यूनिट भवन का निर्माण पूरा करके दो सौ बिस्तर का कैंसर अस्पताल शुरू हो रहा है। इसमें 60 लाख रुपए की लागत से लीनियर मशीन लगाई जाएगी जिसमें सभी तरह के कैंसर की जाँच हो सकेगी। संजय गांधी हास्पिटल में नए वार्ड के निर्माण तथा आधुनिक सुविधाओं के लिए 322 करोड़ रुपए की मंजूरी मिली है। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में 15 करोड़ रुपए की लागत से नई एमआरआई मशीन तथा कैथलैब लगाई जा रही है। रीवा में उपचार की जो सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं उनसे आगामी 50 सालों की जरूरतें पूरी हो जाएंगी। इस अवसर पर नगर निगम के अध्यक्ष श्री व्यंकटेश पाण्डेय ने कहा कि उप मुख्यमंत्री जी के कार्यों से रीवा की नई पहचान बनी है।

आज वार्ड 38 के निवासियों को संजीवनी क्लीनिक के रूप में सौगात मिल रही है। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष हेमलता सिंह, पार्षद नीलू कटारिया, पार्षद राजबहोर साकेत, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, राजीव शर्मा, विवेक मिश्रा, साकेत बिहारी, कार्यपालन यंत्री नगर निगम राजेश सिंह, डॉ बीआर चौधरी तथा बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अभिमन्यु सिंह ने किया।

# मऊगंज जिले में एक अप्रैल से आरंभ होगा नया शिक्षा सत्र

## अप्रवेशी बच्चों का घर-घर जाकर सर्वेक्षण करें - कलेक्टर

**रीवा।** मऊगंज जिले में आगामी एक अप्रैल से स्कूल शिक्षा विभाग का वर्ष 2025-26 का नया शिक्षा सत्र आरंभ हो रहा है। कलेक्टर संजय कुमार जैन ने शासकीय स्कूलों में नवीन शिक्षा सत्र के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए आदेश जारी किए हैं। कलेक्टर ने कहा है कि जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला समन्वयक शिक्षा मिशन को नवीन शिक्षा सत्र के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में अनिवार्य रूप से प्रवेश कराएं। अब तक कक्षा दो से लेकर कक्षा 11 तक जो विद्यार्थी दर्ज हैं उनका पूरा विवरण समग्र शिक्षा पोर्टल पर 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से अपडेट कराएं। विकासखण्ड स्तर पर विद्यार्थियों एवं पालकों के साथ बैठक आयोजित करके एक अप्रैल से नवीन शिक्षा सत्र शुरू होने की जानकारी दें। स्थानीय संचार माध्यमों से भी इसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं। शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करने के लिए स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आमजनता का भी पूरा सहयोग लें। कलेक्टर ने कहा है कि शाला प्रबंधन समिति एवं पालकों की बैठक आयोजित करें। विद्यार्थी के अभिभावक से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार तथा विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्थिति के संबंध में उपयोगी सुझाव प्राप्त करें। अभिभावकों को विद्यार्थी की शैक्षणिक प्रगति से भी अवगत कराएं। सभी शालाओं में एक अप्रैल को समारोह पूर्वक प्रवेश उत्सव का आयोजन करें। इस दिन विद्यार्थियों का परंपरागत तरीके से स्वागत करने के साथ प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं में विशेष मध्यान्ह भोजन का भी आयोजन करें। प्राथमिक शाला के शिक्षक आंगनवाड़ी केन्द्र जाकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता से कक्षा एक में प्रवेश योग्य बच्चों की सूची प्राप्त करें। उनके अभिभावकों से संपर्क करके बच्चों का शाला में प्रवेश सुनिश्चित करें। बच्चे के कक्षा एक में प्रवेश के लिए आयु संबंधी प्रमाणीकरण के लिए जन्म प्रमाण पत्र, एएनएम के रजिस्टर तथा आंगनवाड़ी केन्द्र के रजिस्टर को भी आधार बनाएं। कक्षा एक से कक्षा 11वीं तक दर्ज विद्यार्थियों की सूची संबंधित शाला में उपलब्ध है। इसमें शामिल विद्यार्थियों को आगामी कक्षा में प्रवेश दिलाएं। कलेक्टर ने कहा है कि सभी शाला भवनों में साफ-सफाई कराकर विद्यार्थियों के बैठने की समुचित व्यवस्था करें। शासन के प्रावधानों के अनुसार कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास एवं सर्व शिक्षा अभियान के तहत संचालित छात्रावासों में कक्षा आठवीं की बालिकाओं को प्रवेश दिलाएं। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित छात्रावासों में भी विद्यार्थियों का समय पर प्रवेश सुनिश्चित करें। भारत सरकार द्वारा यू डाइस के माध्यम से शाला जाने योग्य प्रत्येक बच्चे की ट्रैकिंग की जा रही है। यू डाइस के तहत दर्ज सभी विद्यार्थियों को यूनिक कोड आवंटित किया गया है।

# रीवा को विकसित बनाते हुए पानीदार बनाना है - उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल

## जल संचय, जन भागीदारी, जन आन्दोलन अभियान में शामिल हुए उप मुख्यमंत्री

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि रीवा को विकसित बनाते हुए पानीदार बनाना है। वर्षा के जल को संरक्षित करने तथा प्राचीन जल स्त्रोतों में सुधार कार्य कर जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य प्राथमिकता से किये जा रहे हैं ताकि आने वाले समय में पानी की कमी न हो। श्री शुक्ल ने ग्राम पंचायत सगरा में केन्द्रीय जल शक्ति विभाग के सहयोग से बोर के माध्यम से संग्रहित होने वाले भूजल को जमीन के भीतर संचयित किये जाने के कार्य का शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत सगरा में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार के जल शक्ति विभाग के सहयोग से रीवा जिले में 100 बोरवेल के माध्यम से संग्रहित होने वाले जल को जमीन के अंदर संचयित किये जाने का कार्य प्रारंभ हो रहा है। इसके अतिरिक्त जल गंगा अभियान में जल संरक्षण व संवर्धन के कार्य आगामी 3 माह तक नियमित रूप से संचालित होंगे। यह प्रयास है कि वर्षा का जल बर्वाद न हो। जमीन के अंदर इसका संचयन हो तथा जल स्त्रोत भी पानीदार रहे ताकि जिले का भूजल स्तर कम न हो। उन्होंने जल संरक्षण कार्य में आमजनों की सहभागिता की भी अपेक्षा की। श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री जी




द्वारा जहां एक ओर हर घर को शुद्ध पानी पहुंचाने का कार्य हो रहा है वहीं दूसरी ओर जल संचयन, संवर्धन का कार्य भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जमीन के अंदर के पानी का दोहन न होकर इसका पोषण हो यह इस योजना का लक्ष्य है। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि पानी बचाने के सभी उपाय किये जांय। हम जितना पानी जमीन से लें उतना उसे देने का भी प्रयास करें। गुजरात की टीम के जल संचयन कार्य में सहयोग करें और जल संरक्षण कार्य में सहभागी बनें। उन्होंने बताया कि जल गंगा अभियान अन्तर्गत जिले के तालाब निर्माण के साथ ही मनरेगा से पानी बचाने की संरचनाओं को पूर्ण किये जाने के कार्य कराये जायेंगे। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने जल संचयन कार्य में गुजरात के दल को प्रशासन के पूर्ण सहयोग की बात कही। इससे पूर्व गुजरात के जल संचयन दल प्रभारी अमित सिंह ने बताया कि रीवा जिले में 100 बोर कर संग्रहित पानी को चेम्बर बनाकर भूमि के अंदर संचयित किया जायेगा। इस कार्य का शुभारंभ सगरा से किया गया है। कार्यक्रम को प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर सरपंच सावित्री राजेश पाल, सीईओ जनपद संजय सिंह, समाजसेवी राजेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन व आसपास की ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे। आभार प्रदर्शन कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने किया।

# जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं - कलेक्टर, जल गंगा संवर्धन अभियान में 1472 खेत तालाबों का होगा निर्माण - सीईओ



**रीवा।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि 30 मार्च से 30 जून तक जिले भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जाएगा। सभी संबंधित विभाग दो दिवस में अभियान की कार्ययोजना बनाकर जल संरक्षण के कार्य प्राथमिकता से कराएं। पानी जीवन का आधार है। पानी का विवेकपूर्वक उपयोग और वर्षा जल का संरक्षण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अभियान में स्वयंसेवी संस्थाओं तथा सामाजिक संगठनों को भी सहभागी बनाएं। जल गंगा संवर्धन अभियान को जन-जन का अभियान बनाएं। कलेक्टर ने कहा कि सभी एसडीएम अपने अनुभाग में अभियान का नेतृत्व करेंगे। मुख्यमंत्री जी के प्राथमिकता के इस अभियान की तैयारी के लिए क्लस्टर लेबल पर बैठक आयोजित कर प्रत्येक गांव के लिए जल संरक्षण की कार्ययोजना तैयार कराएं। प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल संरक्षण का कम से कम एक कार्य अनिवार्य रूप से कराएं। सभी नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में 30 मार्च को समारोह पूर्वक अभियान का शुभारंभ करें। जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमृत सरोवर, खेत तालाब निर्माण, हैण्डपंपों में सोकपिट बनाने तथा पुरानी जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्य अभियान के दौरान कराएं। अभियान की प्रत्येक गतिविधि का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। जल संरक्षण कार्यों, श्रमदान, जल संवाद तथा जन जागरूकता के कार्यक्रमों के अच्छे फोटोग्राफ्स और वीडियो जनसम्पर्क विभाग को उपलब्ध कराएं। साथ ही अभियान की वेबसाइट में अपलोड करें। कलेक्टर ने कहा कि कार्यपालन यंत्री पीएचई अभियान के दौरान नलजल योजनाओं की पाइपलाइन में सुधार तथा सभी हैण्डपंपों में सोकपिट बनाने का कार्य ग्रामीण विकास विभाग एवं नगरीय निकायों के सहयोग से कराएं। कार्यपालन यंत्री जल संसाधन सभी नहरों को खसरे में दर्ज कराएं। नहरों की साफ-सफाई तथा सुधार के कार्य भी अभियान के दौरान करें। जिला शिक्षा अधिकारी नया शिक्षा सत्र प्रारंभ होने पर स्कूलों में जल संरक्षण के संबंध में जागरूकता के लिए निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित कराएं। साथ ही पानी की टंकियों की साफ-सफाई भी कराएं। क्षेत्रीय संचालक औद्योगिक विकास निगम चोरहटा औद्योगिक केन्द्र में औद्योगिक इकाईयों से निकलने वाले पानी का ट्रीटमेंट कराकर उसे शुद्ध करने के लिए सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित कराएं। आयुक्त नगर निगम शहर के सभी हैण्डपंपों में स्थान उपलब्ध होने पर सोकपिट का निर्माण कराएं। शहर में निर्माणाधीन तीन एसटीपी का निर्माण कार्य एक माह में पूरा कराकर सभी आसपास के नालों का पानी इनसे उपचारित कराएं। अभियान के दौरान नगर निगम तथा सभी नगरीय निकायों में भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था करें। शहरी क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय करें। कलेक्टर ने कहा कि वन मण्डलाधिकारी वृक्षारोपण के साथ-साथ वन क्षेत्र के नालों में नाला बंधान, चेकडैम, स्टॉपडैम तथा छोटे तालाबों का निर्माण कराएं। संभागीय समन्वयक जन अभियान परिषद जल संवाद के आयोजन के साथ जल संरक्षण के लिए श्रमदान कराएं। साथ ही जिले की एक नदी में सफाई का अभियान चलाएं। उप संचालक कृषि और उद्यानिकी जिले भर में किसान संगोष्ठी आयोजित कर किसानों को जल संरक्षण के लिए जागरूक करें। किसानों को ड्रिप सिंचाई और स्प्रिंकलर सिंचाई के अधिक से अधिक उपयोग के लिए प्रेरित करें। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने जल गंगा संवर्धन अभियान की रूपरेखा प्रस्तुत की। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने कहा कि अभियान के दौरान प्रत्येक ग्राम पंचायत में जल संरक्षण का कम से कम एक कार्य अनिवार्य रूप से होगा। अभियान के दौरान एक 1472 खेत तालाब तथा 27 अमृत सरोवरों का निर्माण कराया जाएगा। जल संरक्षण के सभी कार्यों की पूरी जानकारी पोर्टल पर आनलाइन दर्ज की जाएगी।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### अब यूपीआई और एटीएम से भी निकाल सकेंगे पीएफ का पैसा

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मई के अंत या जून 2025 की शुरुआत तक एक बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इस नए बदलाव के साथ ईपीएफओ के सदस्य यूपीआई और एटीएम के जरिए तत्काल अपना भविष्य निधि (पीएफ) निकाल सकेंगे। इस अपडेट के साथ कर्मचारियों को अब अपनी पीएफ बचत तक पहुंचने के लिए लंबी और समय लेने वाली प्रक्रियाओं से नहीं गुजरना पड़ेगा। इस पहल को श्रम और रोजगार मंत्रालय के सहयोग से क्रियान्वित किया जा रहा है और इसे भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) से मंजूरी मिल गई है। इस कदम से देशभर के लाखों ईपीएफओ सदस्यों को पहले से बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है। श्रम और रोजगार मंत्रालय की सचिव सुमिता डावरा ने कहा कि कर्मचारी तत्काल 1 लाख रुपये तक निकाल सकेंगे। उन्होंने बताया कि सदस्य सीधे यूपीआई प्लेटफॉर्म पर अपना पीएफ बैलेंस भी देख सकेंगे और बिना किसी देरी के अपने पसंदीदा बैंक खातों में फंड ट्रांसफर कर सकेंगे। इससे कर्मचारियों के लिए जरूरत के समय अपने पैसे तक पहुंच आसान हो जाएगी। वर्तमान में, पीएफ फंड निकालने के लिए ऑनलाइन क्लेम जमा करने और अप्रूवल की प्रतीक्षा करने की जरूरत होती है, जिसमें कई दिन या सप्ताह भी लग सकते हैं। हालांकि, यूपीआई इंटीग्रेशन के साथ, निकासी तत्काल और परेशानी मुक्त हो जाएगी। कर्मचारी न केवल जल्दी से धन निकालने में सक्षम होंगे, बल्कि अपने शेष राशि की जांच भी कर सकेंगे और तुरंत लेनदेन भी कर सकेंगे। इसके अलावा, ईपीएफओ अपने सदस्यों के लिए पीएफ बचत निकालने के कारणों में भी विस्तार कर रहा है। चिकित्सा आपात स्थितियों के अलावा, कर्मचारी अब आवास, शिक्षा और विवाह के लिए धन निकाल सकेंगे। डावरा ने कहा, ईपीएफओ ने 120 से अधिक डेटाबेस को इंटीग्रेट कर अपने डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा सुधार किया है। इन प्रयासों ने क्लेम प्रोसेसिंग समय को केवल तीन दिनों तक कम कर दिया है, अब 95 प्रतिशत क्लेम ऑटोमेटिकली प्रोसेस हो रहे हैं। सिस्टम को अधिक कुशल बनाने के लिए आगे के अपग्रेड पर काम चल रहा है।पेंशनभोगियों को भी ईपीएफओ की डिजिटल पहलों से लाभ हुआ है। दिसंबर 2024 से करीब 78 लाख पेंशनभोगी बिना किसी प्रतिबंध के किसी भी बैंक शाखा से अपने फंड का उपयोग करने में सक्षम हो गए हैं। इससे पहले, केवल विशिष्ट बैंक शाखाओं से ही निकासी की अनुमति थी।

### भारतीय घरेलू सॉफ्टवेयर मार्केट का आकार 2035 तक बढ़कर 100 अरब डॉलर का हो सकता है : रिपोर्ट

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** भारत के घरेलू सॉफ्टवेयर मार्केट में आने वाले समय में तेज वृद्धि देखने को मिल सकती है और 2035 तक यह पांच गुना बढ़कर 100 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। सासबूमी और 1लैटिस की रिपोर्ट के मुताबिक, इंडस्ट्री के आकार में वृद्धि की वजह एआई के नेतृत्व वाला ऑटोमेशन, लागत प्रभावी सॉफ्टवेयर विकास, छोटे और मध्यम बिजनेस (एसएमबी) द्वारा सॉफ्टवेयर को बड़ी संख्या में अपनाना और सरकार की डिजिटल पहलों में वृद्धि होना है। वर्तमान (2025) में भारतीय सॉफ्टवेयर मार्केट की वैल्यू 20 अरब डॉलर है। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2015 के बाद से भारत का सॉफ्टवेयर बाजार सात गुना बढ़ गया है। हालांकि, लगभग 75 प्रतिशत बाजार पर अभी भी वैश्विक कंपनियों के पास है। रिपोर्ट में कहा गया कि विकास के अगले चरण में सफलता हासिल करने के लिए भारतीय स्टार्टअप्स को देश की व्यावसायिक और नियामक आवश्यकताओं के अनुरूप घरेलू समाधान विकसित करने की आवश्यकता होगी। भारत के सॉफ्टवेयर विकास को आगे बढ़ाने में एआई और क्लाउड की अहम भूमिका होगी।

# गेंद रुक कर आ रही थी, रन बनाना आसान नहीं था, फिर भी कैसे बड़ा स्कोर कर पाए डिकॉक? खुद दी जानकारी

**गुवाहाटी,एजेंसी।** आईपीएल 2025 के छठे मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स ने राजस्थान रॉयल्स को आठ विकेट से हरा दिया। इस मैच में नाबाद 97 रन की पारी खेल केकेआर को जीत दिलाने वाले सलामी बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक ने कहा कि उनके लिए मैच की दूसरी पारी में बल्लेबाजी करना फायदेमंद रहा।डिकॉक ने 61 गेंदों पर आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 97 रन बनाए।

**डिकॉक को मिला प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड**

प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड पाने के बाद डिकॉक ने कहा, यह मेरा इस सीजन दूसरा मैच था और मेरे लिए यह अच्छी बात रही कि हमने बाद में बल्लेबाजी की। एक विकेटकीपर के रूप में मुझे विकेट परखने का मौका मिला और मैं बल्लेबाजी करते समय उसके अनुसार सामंजस्य बैठा सका। मैं जानता हूं कि आईपीएल बड़े स्कोर



के लिए जाना जाता है, लेकिन मैंने सिर्फ हमारे लिए मैच जीतने की कोशिश की।

दक्षिण अफ्रीका के इस पूर्व कप्तान ने बरसापा मैदान की पिच के बारे में कहा, यह बड़े स्कोर के लिए उपयुक्त विकेट नहीं था, गेंद टर्न ले रही थी और रुक कर आ रही थी। यह सपाट विकेट नहीं था, यहां रन बनाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा था। वहीं, केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने डिकॉक के साथ जीत का श्रेय टीम के स्पिनरों को दिया। उन्होंने कहा, हमने बीच के ओवरों में दो स्पिनरों को गेंदबाजी कराई। सुनील नारायण की जगह मोईन अली खेले और उन्होंने अच्छा किया।

**मैच में क्या हुआ?**

क्विंटन डिकॉक ने मुश्किल विकेट पर नाबाद 97 रन की पारी खेलकर कोलकाता नाइट राइडर्स को राजस्थान रॉयल्स पर आठ विकेट से शानदार जीत दिलाई। राजस्थान की टीम ने पहले बल्लेबाजी की नौ विकेट पर 151 रन ही बना सकी। वरुण चक्रवर्ती (17 रन पर दो विकेट) और मोईन अली (23 रन पर दो विकेट) की अगुआई में केकेआर के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद डिकॉक की पारी की बदौलत केकेआर ने 17.3 ओवर में दो विकेट गंवाकर लक्ष्य हासिल कर लिया। केकेआर ने मोईन अली (पांच) और कप्तान अजिंक्य रहाणे (18) का विकेट जल्दी गंवा दिया, लेकिन डिकॉक ने एक छोर को मजबूती से संभाले रखा और उन्हें युवा अंगकृष रघुवंशी 22 (17 गेंद) के रूप में अच्छा साथी मिला। दोनों की 44 गेंद में 83 रन की अटूट साझेदारी से गत चैंपियन टीम ने आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।



# रियान पराग की मोहब्बत में सुरक्षा घेरा तोड़ पिच पर पहुंचा प्रशंसक, पैर छूकर लिया कप्तान से आशीर्वाद

**गुवाहाटी।** आईपीएल 2025 का छठा मुकाबला राजस्थान रॉयल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जा रहा है। गुवाहाटी में खेले जा रहे इस मुकाबले में राजस्थान ने गत विजेता केकेआर के सामने 152 रनों का लक्ष्य रखा है। इस मैच में एक प्रशंसक रियान पराग के करीब पहुंच गया और उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इसकी तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

**रियान पराग के करीब पहुंचा प्रशंसक**

दरअसल, यह घटना कोलकाता की पारी के 12वें ओवर की है। रियान पराग गेंदबाजी के लिए तैयार हो रहे थे, लेकिन तभी उन्हें पीछे से एक प्रशंसक के आने की भनक लगी और वह मुड़कर उसे देखने लगे। सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर प्रशंसक पिच पर पहुंच गया और सीधे कप्तान रियान पराग के कदमों में जा गिरा। उसने उनके पैर छुए और आशीर्वाद लिया। बता दें कि, रियान गुवाहाटी के हैं और आज उनके होमग्राउंड पर यह मुकाबला खेला जा रहा है।

## अब एटीएम से पैसे निकलवाना होगा महंगा, 1 मई से इतने रुपये बढ़ सकता है चार्ज

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** अक्सर हम कैश निकालने के लिए एटीएम मशीन का उपयोग करते हैं, जिससे 24/7 कभी भी पैसा निकाला जा सकता है। वर्तमान में, एक निर्धारित लिमिट तक एटीएम से कैश निकासी पर कोई शुल्क नहीं लगता। हालांकि, लिमिट पार करने पर आपके खाते से निश्चित शुल्क काटा जाता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1 मई 2025 से यह शुल्क बढ़ाया जा सकता है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, केंद्रीय बैंक, आरबीआई और एनपीसीआई ने मिलकर इस बदलाव का निर्णय लिया है। वर्तमान में, कैश निकासी पर लगभग 17 रुपये शुल्क लिया जाता है जिसे बढ़ाकर 19 रुपये कर दिया जाएगा। वहीं, मिनी स्टेटमेंट, बैलेंस चेक जैसे गैर-वित्तीय लेन-देन पर लगाया जाने वाला 6 रुपये का शुल्क बढ़ाकर 7 रुपये प्रति लेन-देन कर दिया जाएगा। केंद्रीय बैंक के निर्देशानुसार, सभी ग्राहक एक तय लिमिट तक एटीएम से बिना शुल्क के कैश निकाल सकते हैं। मेट्रो शहरों (जैसे मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद, बैंगलुरू) में हर महीने व्यक्ति तीन निशुल्क ट्रांजेक्शन कर सकता है।

लिमिट पार करने पर बैंक अपने ग्राहकों से इंटरचेंज फीस के रूप में शुल्क वसूलते हैं, जो कि एक बैंक द्वारा दूसरे बैंक को उसके ग्राहक द्वारा एटीएम उपयोग पर दी जाती है। वर्तमान में, अधिकांश बैंक लगभग 17 रुपये प्रति ट्रांजेक्शन शुल्क लेते हैं। इस परिवर्तन से एटीएम से कैश निकासी की लागत में वृद्धि होने की संभावना है, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार बढ़ सकता है।

# फिलीपींस की 19 साल की एलेक्जेंड्रा ने किया बड़ा उलटफेर, नंबर-2 स्वियातेक को हराकर किया बाहर

**मियामी,एजेंसी।** फिलीपींस की 19 वर्षीय वाइल्डकार्ड एलेक्जेंड्रा इयाला ने बुधवार को मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बड़ा उलटफेर करते हुए दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक को 6-2, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व रैंकिंग में 140वें स्थान पर काबिज इयाला डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट के अंतिम आठ में पहुंचने वाली अपने देश की पहली महिला खिलाड़ी हैं। उन्होंने स्वियातेक के खराब प्रदर्शन का फायदा उठाते हुए दूसरे सेट में 4-2 से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी की। जीत के बाद इयाला ने कहा, मैं विश्वास नहीं कर पा रही हूं। मियामी में अंतिम चार में पहुंचने के लिए तीन ग्रैंडस्लैम जीत चुकी खिलाड़ियों को हराने वाली इयाला ने कहा, मैं दिग्गज खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम होने के लिए बहुत खुश और धन्य हूं। मैं अपने शॉट्स पर भरोसा कर रही



थी और मेरे पास यह बताने के लिए एक शानदार टीम है कि मैं यह कर सकती हूं। इयाला 13 साल की उम्र में मल्लोर्का में राफेल नडाल की अकादमी में शामिल होने के लिए स्पेन चली गईं थीं। उन्होंने वहां नडाल के चाचा और पूर्व कोच टोनी नडाल से टेनिस के गुर सीखे। इयाला ने कहा, यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है कि वह यहां मेरा मैच देखने आए। यह दिखाता है कि उन्हें मुझ पर कितना भरोसा था और अकादमी को मुझ पर कितना भरोसा था।इयाला का सामना सेमीफाइनल में अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगा। पेगुला ने क्वार्टरफाइनल में एम्मा रादुकानू को शिकस्त दी। इयाला ने कहा- सिर्फ यही मैच नहीं, पिछले मैच भी बेहद कठिन थे। आगे यह और कठिन होता जाएगा। इसलिए आगे के मैचों में अपना पूरा दमखम लगाकर खेलूंगी। वहीं, हार के बाद स्वियातेक ने कहा, क्वार्टर फाइनल में मैं अपना सर्वश्रेष्ठ खेल नहीं दिखा पाई और मुझे लगा कि मेरा फोरहैंड थोड़ा गिर गया है। इसलिए यह सहज नहीं था और एलेक्जेंड्रा ने निश्चित रूप से अपने अवसरों का उपयोग किया और मुझे हरा दिया। इसलिए निश्चित रूप से वह इस मैच को जीतने की हकदार हैं। मैं इस बारे में ज्यादा नहीं सोचना चाहती। हार से सीखना अच्छा है।

# ग्राम रोंडा में एटा स्टील कंपनी की जमीन पर भूमाफियाओं का कब्जा

## एटा स्टील कंपनी पर बिजली विभाग का करोंडो धन बकाया

ब्यूरो चीफ दैनिक सांध्य पहल




**रोंडा(ललितपुर)**- मुख्यालय से करीब 4 किमी0 दूरी पर स्थित ग्राम रोंडा में एटा स्टील कंपनी कार्यरत थी जिस पर कि बिजली विभाग का करोंडों रूपया बकाया हो गया था। विभाग द्वारा उसको पैसा जमा करने के नोटिस दिये गये लेकिन जब उसने पैसा जमा नहीं किया और अपने आपको दिवालिया बताकर नदारद हो गया। उसकी करोंडों रूपये की जमीन पर भूमाफियाओं एवं तथाकथित पत्रकारों ने कब्जा कर जमीन को समतलीकरण कराकर उस पर मोरम डालकर बेचने की जुगाड में है।

वरिष्ठ पत्रकार पं0 महेश प्रसाद शर्मा ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर भूमाफियाओं एवं तथाकथित पत्रकारों पर कार्यवाही की मांग की। वरिष्ठ पत्रकार पं0 महेश प्रसाद शर्मा मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पत्र जारी करते हुये पूर्व में स्थापित रही एटा स्टील कंपनी पर विद्युत चोरी का लगभग 6 करोडा 28 लाख रूपये बकाया होने के बाबजूद भी गुपचुप तरीके से उक्त कंपनी की जमीन को बेचे जाने का आरोप लगाते हुये जमीन की खरीद-फरोख्त पर तत्काल रोक लगाये जाने की मांग की है।

**वरिष्ठ पत्रकार दैनिक सांध्य पहल ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जांच की मांग की**

मुख्यमंत्री को प्रेषित सोशल मीडिया के पत्र में पं0 महेश प्रसाद शर्मा ने बताया कि एटा स्टील कंपनी ललितपुर के ग्राम रोड में स्थित थी। यह कंपनी विद्युत चोरी के मामले में पकड़ी गई थी, जिस पर करोड़ों रुपए का बकाया चल रहा था। बकाया राशि जमा ना करने के बाद यह कंपनी से सम्बन्धित लोग भूमिगत हो गये थे और विद्युत विभाग का उस पर करीब 3 करोड़ रुपया बकाया चल रहा था।

इसके अलावा 6 करोड़ रूपये से अधिक का जुर्माना भी प्रस्तावित था। वर्ष 2002 में इसके विरुद्ध राजस्व वसूली की कार्यवाही की गई थी, लेकिन इस कंपनी के सम्बन्धित व्यक्तियों द्वारा उच्च न्यायालय में जाकर स्थगन आदेश ले आए थे। उन्होंने बड़ा आरोप लगाते हुये बताया कि अब उक्त एटा स्टील कंपनी के सम्बन्धित व्यक्तियों द्वारा गुपचुप तरीके से यहां के भू-माफिया को करोड़ों रुपए की कीमत जमीन बेचने जा रहे हैं। जब तक इस कंपनी से विद्युत विभाग के करोड़ों रुपए की वसूली नहीं हो जाती, तब तक कंपनी के भूमि-बेचने पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस मामले में विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों की भूमिका पर भी सवाल उठते हुये राजस्व वसूली में लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से उक्त कम्पनी की जमीन बेचे जाने पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाये जाने की मांग उठायी है।

पत्र में यह भी लिखा है कि भूमाफिया सरकारी जमीन पर अवैध तरीके से गुंडई के बल पर तो कुछ सत्ता पक्ष का सहारा लेकर तथा कुछ पत्रकार जो कि भूमाफिया हैं एवं पत्रकार की आढ में करोंडो रूपये की चल अचल संपत्ति इनके द्वारा बना ली गयी है जिसकी जांच की जाना चाहिए। पत्र में उन्होंनें यह भी लिखा है कि जनपद के अनेक पत्रकार जिनके पास आज से 8 10 साल कुछ नहीं था और वह आज करोंडो रूपये बैंक बैलेन्स के साथ साथ कई एकड जमीन पर अवैधानिक तरीके से काबिज है जिनके विरूद्ध कार्यवाही करने की मांग की है। देखना है कि शासन इनके विरूद्ध क्या कार्यवाही करता है क्योंकि भूमाफियाओं द्वारा जनपद के कुछ अधिकारियों से सांठगांठ करके उन्हें सुविधा शुल्क देकर अपना उल्लू सीधा कर रहे है। कुछ भूमाफिया पत्रकार सरकारी जमीन पर भी काबिज है लेकिन प्रशासन के जबावदेही अधिकारी चिरनिद्रा में सोये हुये है उन्हें तो सुविधा शुल्क से मतलब हैं दुनिया जाये भाड में तो हमें क्या पडी।

# राजघाट बांध डूब क्षेत्र के ग्राम बारौद में पटटो के नाम पर खुली लूट

## सेवानिवृत्त कर्मचारी शासनादेशों को दिखा रहा ठेंगा



ब्यूरो चीफ पं0 महेश प्रसाद शर्मा

**बारौद (जाखलौन)।** शासन भले ही गरीब एवं असहाय व्यक्तियों के लिये न्याय की बात कर रही हो लेकिन उसके अधीनस्थों के द्वारा शासनादेशो को पलीता लगाया जा रहा है तथा सुविधा शुल्क लेकर अपात्रों को पटटे आवंटित किये जा रहे हैं। सिंचाई विभाग का सेवानिवृत्त कर्मचारी बिना किसी डर भय के ले रहा है सुविधा शुल्क। वरिष्ठ पत्रकार पं0 महेश प्रसाद शर्मा (एड0) ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में भ्रष्टाचार में लिप्त अधिकारियों/कर्मचारियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

विदित हो कि राजघाट बांध के अन्तर्गत आने वाले ब्लॉक बिरधा के ग्राम बारौद में आज से करीब 15 वर्ष पूर्व डूब क्षेत्र में आने वाले गांव के कृषकों को सिंचाई विभाग द्वारा मुआवजा दिया जा चुका है लेकिन ग्रामवासी जब भी राजघाट बांध खाली हो जाता है तो पुनः जमीन पर काबिज हो जाते हैं। नियम है कि डूब क्षेत्र में बांध का जब पानी कम हो जाता है तथा जमीन निकल आती है तो उसका पटटा सिंचाई विभाग द्वारा गरीब एवं निर्धन व्यक्तियों को किये जाने का शासन का आदेश है लेकिन यहां तो कुछ और ही देखने को मिल रहा है। सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारी अशोक कुमार शुक्ला के द्वारा डूब क्षेत्र के ग्राम बारौद में कुछ दिन पूर्व जाकर अपात्रों को पटटे आवंटित कर उनसे 15-20 हजार प्रति एकड के हिसाब से अवैध धन लिया गया है जबकि इस गांव में अनेक ऐसे निर्धन व्यक्ति है कि जिनके पास आज भी जमीन नहीं है लेकिन चिन्तनीय विषय है कि उनके पास सुविधा शुल्क देने के लिये पैसे नहीं है। इस कारण उन्हें पटटे आवंटित नहीं किये जाते हैं।

राजघाट बांध सिंचाई विभाग में कार्यरत रहे बाबू अशोक कुमार शुक्ला जो कि अभी कुछ माह पहले सेवानिवृत्त हो चुके है जिनका कि आलीशान मकान सिविल लाईन स्थित चांदमारी में बने होने की जानकारी मिली है। सेवानिवृत्त होने के बाद भी अधिकारीगणों से जुगाड बैठाकर अवैध कमाई कर रहे है तथा कुछ हिस्सा अधिकारी को सुविधाशुल्क के रूप में दे रहा है इसकी तत्काल जांच करायी जाना नितान्त आवश्यक हैं इस भ्रष्टाचार में अधिकारी एवं जो भी कर्मचारी लिप्त पाया जावे उसके विरूद्ध भ्रष्टाचार अधि0 के तहत मुकदमा पंजीकृत किया जाकर जेल भिजवाया जाये जिससे कि सरकार की मशा के अनुरूप पात्र व्यक्ति गरीब निर्धन व्यक्ति को पटटा मिल सके तथा सरकार की योजनाओं का उसे लाभ प्राप्त हो सके।

आपको यह भी अवगत कराना है कि कई ऐसे व्यक्ति है जिनके शहरों में या अन्य स्थानों में अच्छे मकान बने हुये है भले ही उनके नाम से डूब क्षेत्र में जमीन थी लेकिन उसका उन्हें मुआवजा मिल चुकाहै वह पैसा देकर अपने नाम पटटे आवंटित करा लेते है तथा मोटी रकम लेकर अन्य व्यक्ति को पटटा आवंटित कर देते है जिनसे शासन की मंशा पूर्ण न होकर भ्रष्टाचार को बढावा मिल रहा है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को वरिष्ठ पत्रकार दैनिक सांध्य पहल पं0 महेश प्रसाद शर्मा (एड0) ने भेजे पत्र में मांग की है कि जनपद में भ्रष्टाचार में अनेक अधिकारी कर्मचारी लिप्त है जिसके चलते एंटी करप्शन टीम के द्वारा अनेक अधिकारियों एवं बाबूओं को रिश्वत लेते हुये पकडा गया है जो जेल गये तथा जमानत पर आने के बाद पुनः भ्रष्टाचार में लिप्त हो गये हैं। जिनकी जांच कराकर दोषियों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाये जिससे शासन की मंशा पूर्ण हो सके।

# बोर्ड ऑफ विजिटर व प्राधिकरण का संयुक्त कारागार निरीक्षण

**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झां की अध्यक्षता में जिला कारागार में बोर्ड ऑफ विजिटर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। बोर्ड ऑफ विजिटर में जिला जज नरेन्द्र कुमार झा, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक, सीएमओ डा.इमित्याज अहमद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभान्शु सुधीर ने संयुक्त रूप से जिला कारागार में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन-शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वार्तालाप किया गया तथा उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूंछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है एवं 04 बन्दियों द्वारा निशुल्क विधिक सहायता की मदद चाही गयी। लीगल एड काउन्सिल सिस्टम को संबंधित बन्दियों की पैरवी हेतु निर्देशित किया गया। बैरकों में बन्दियों के स्नानघर और शौचालय तथा पानी की टंकी तथा पीने के पानी का भी निरीक्षण किया गया और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो कारागार में स्थापित लीगल एड डिफेंस काउन्सिल में अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते है। बन्दियों से पूछा गया कि कारागार में किसी प्रकार का भेदभाव आपके साथ तो नहीं होता है तो उनके द्वारा बताया गया ऐसा नहीं होता है। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी एवं सायं कालीन भोजन बनने की प्रक्रिया चल रही थी जो कि प्रदर्शित खाने की सूची के अनुसार थी। कारागार में स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया गया और बीमार बन्दियों ने बताया कि उनका इलाज समय से हो रहा है। जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज, जेल अधीक्षक मुकेश कुमार, कारापाल जीवन सिंह, उपकारापाल जयनारायन भारती, उप कारापाल शंकुतला देवी, कारागार के चिकित्साधिकारी डा.विजय कुमार द्विवेदी, फार्मासिस्ट विनोद कुमार, न्यायालय से अक्षय पाण्डेय, रोहित राठौर, अभिजीत, अरविन्द उपस्थित रहे।

# वार्षिक परीक्षाफल की हुयी घोषणा

## मेधावी विद्यार्थियों को डायरेक्टर ने किया सम्मानित

**ललितपुर।** सिद्धि सागर एकेडमी में सत्र 2024-25 के नर्सरी से कक्षा आठ तक के वार्षिक परीक्षाफल घोषित किये गये। इस अवसर पर एकेडमी में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों का मेला लगा रहा। सुबह से ही विभिन्न क्लासेज के छात्र- छात्रायें अपने माता पिता के साथ स्कूल परिसर में आते दिखाई दिए। सभी बच्चों में अपना अपना परिणाम जानने को उत्सुकता एवं कौतुहल था। कार्यक्रम का शुभारम्भ एकेडमी की डायरेक्टर रीता जैन ने देवी सरस्वती को पुष्प अर्पित करके किया। जिन बच्चों ने अपनी कक्षाओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया उन्हें विशेष पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इनमें नर्सरी के दीक्षा, एल.के.जी. ए. की अयाना जैन एल.के.जी. बी. के सम्यक वेद यू.के.जी. ए की रितिशा अग्रवाल यू.के.जी.बी के अन्मय लोहिया, फर्स्ट ए के जयदीप वर्मा, फर्स्ट बी की अरूनिता खरे, सेकेन्ड ए के यश राजपूत, सेकेन्ड बी की आर्या खरे थर्ड ए की मोहिका जैन थर्ड बी के रिदम राठौर, फोर्थ ए की सिंधुजा तिवारी, फोर्थ बी की रिद्धि जैन, फिफ्थ की ओजस्विनी सिंह, सिक्स्थ के कृष्णा तिवारी, सेवेन्थ की मानवी पटेल तथा कक्षा आठ की अनन्या जैन को कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत किया गया।

इसी क्रम में काव्या यादव, अभिनव सिंह, शिवांशी राय, आव्या जैन, देवांशी नामदेव, प्रज्ञा राय, विशेष सोनी, आयशा बानो, शिवांश निरंजन, शिप्रा श्रीवास्तव, नव्या व्यास, अनाया सोनी, पूर्वांश जैन, कृतिका जैन, हर्षित निरंजन, अमन यादव तथा पर्व जैन को कक्षा में द्वितीय स्थान के लिए पुरस्कृत किया गया। पढ़ाई में सर्वोत्कृष्ट स्थान के साथ जो छात्र छात्राएं पूरे वर्ष नियमित रूप से स्कूल आते रहे, उन्हें भी पुरस्कृत करके सम्मानित किया गया। इनमें लकी रजक (कक्षा सात) एवं जानवी चौरासिया (कक्षा आठ) ने शत-प्रतिशत उपस्थित रहकर परम विशिष्ट पुरस्कार प्राप्त किया। इन विशेष पुरस्कारों के अतिरिक्त एकेडमी के सभी छात्र-छात्राओं को रिपोर्ट कार्ड के साथ उपहार भी वितरित किये गये।

इस अवसर पर एकेडमी की डायरेक्टर रीता जैन ने कहा कि सिद्धि सागर एकेडमी में शिक्षक सदैव प्रत्येक बच्चे के सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए प्रयासरत रहते हैं। लेकिन यह कार्य अभिभावकों के निरन्तर सहयोग से ही संभव हो पाता है।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे सीमा अरोरा, जौली नामदेव, अखिलेश शर्मा, छाया नामदेव, पूजा सोनी, सरिता चतुर्वेदी, राशि जैन, प्राची ताम्रकार, रजनी जैन, विवेक दुबे, पुनिता पाराशर, कल्पना अग्रवाल, एकता रिछारिया, रश्मि नामदेव, प्रियंका तोमर, कल्पना राय, स्तुति मिश्रा, शिवानी, पूर्वा जैन, महरीन, धर्मेन्द्र पंथ, नीरज विश्वकर्मा, हिमांचल सिंह, कला, रेखा, इन्द्रा, माया, रोशनी, मूलचंद आदि समस्त स्टाफ सदस्यों का सहयोग रहा।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा की मंडल स्तरीय बैठक सम्पन्न

**रायपुर,कासं.।** भारतीय जनता पार्टी की मंडल स्तरीय बैठक बुधवार को ग्राम तरसीवा में संपन्न हुई। बैठक में मंडल पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता कविंद्र जैन ने चुनावों में शानदार सफलता की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्री जैन ने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में पहली बार इतनी बड़ी तादाद में भारतीय जनता पार्टी समर्थित जनप्रतिनिधि चुन कर आए हैं। पंच, सरपंच, जनपद एवं जिला पंचायत सहित नगरीय निकायों में भाजपा ने सफलता के झंडे गाड़े हैं। इसके पीछे केंद्र की मोदी सरकार का काम और राज्य की भाजपा सरकारों में हुए विकास के कार्यों के प्रति जनता का विश्वास ही बड़ा कारण है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को बताया कि आगामी 30 तारीख को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में विशाल जनसमूह को संबोधित करने तथा विकास की नई सौगात लेकर आ रहे हैं उनके स्वागत के लिए धमतरी जिले से भी हजारों कार्यकर्ता बिलासपुर जाएंगे। उन्होंने अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं एवं जनप्रतिनिधियों को मोदी जी की सभा में भाग लेने बिलासपुर जाने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री की सभा को लेकर कार्यकर्ताओं ने खासा उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर आमदी मंडल के अध्यक्ष अमन राव, भगत यादव, राकेश साहू, आमदी नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, धनेश्वरी साहू, साकेत साहू, सुरेन्द्र चन्द्राकर, कोमल यादव,ओमेश यादव, अग्रवाल साहू,कृपाल साहू, जागेश्वर ध्रुव, सुनीता साहू, फत्तेश्वरी साहू,गणेश्वरी साहू,देहूति साहू, संतकुमारी,झमिति सिन्हा, राकेश सिन्हा, परमेश्वर साहू, प्रभूराम, अलख राम,नारायण मटियारा, संतराम साहू, बिमलेश मीनपाल, टिकेश्वर साहू,हजारी साहू, फलेश साहू,कमलनारायण साहू, देवनारायण गजेन्द्र,रामरोशन ध्रुव व अन्य कार्यकर्ताओ उपस्थित हुए।

### अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण पर टीम प्रहरी की सख्त कार्रवाई

**रायपुर,कासं.।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देशानुसार तथा नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री विश्वदीप के मार्गदर्शन में रायपुर शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज जोन क्रमांक 7 के तहत समता कॉलोनी में एक जूस दुकान द्वारा मुख्य मार्ग पर नाली के ऊपर किए गए अतिक्रमण को तोड़ा गया। इसके साथ ही समता कॉम्प्लेक्स के सामने पार्किंग में लगे 23 अवैध विज्ञापन बोर्ड जब्त किए गए। एक निजी आवास में पार्किंग स्थल पर बिना स्वीकृति के बनाए गए सीढ़ी निर्माण को भी हटाया गया। इस कार्रवाई के पीछे मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात सुगमता बनाए रखना है, ताकि किसी भी प्रकार की असुविधा या रुकावट का सामना न करना पड़े। जिला प्रशासन, निगम और यातायात पुलिस की टीम लगातार शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण पर नजर रखे हुए है, और इन पर सख्ती से कार्रवाई की जा रही है।

# कलेक्टर ने ली स्वास्थ्य विभाग और आयुष की संयुक्त समीक्षा बैठक, 2027 तक जिला लेप्रोसी और टीबी मुक्त बनाने के दिए निर्देश



**रायपुर, एजेंसी।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने आज स्वास्थ्य विभाग और आयुष की संयुक्त समीक्षा बैठक में जिले की स्वास्थ्य योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने लेप्रोसी और टीबी के मरीजों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि 2027 तक जिले को पूरी तरह से लेप्रोसी और टीबी मुक्त करने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया जाए। उन्होंने ब्लॉक स्तर पर उपलब्ध आंकड़ों का विश्लेषण कर मरीजों की पहचान करने और इसके लिए एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (क्लस्ह) मितानिनों के साथ समन्वय कर और अन्य उपायों से घर-घर सर्वे कराएं और इस योजना से छूटे हुए सभी पात्र लोगों को जल्द से जल्द लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने विकासखंड आधारित हितग्राहियों और ऑनलाइन सर्वे की संख्या की जानकारी भी मांगी।

बैठक में यह जानकारी दी गई कि जिले में अब तक 9000 से अधिक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। वर्तमान में जिले में 33 प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं, जबकि 3 नए केंद्र निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा, जिले में आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की संख्या बढ़कर 229 हो गई है। कलेक्टर ने इन केंद्रों की प्रभावशीलता की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक विकासखंड में स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत किया जाए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम में उल्लेखनीय प्रगति की सराहना की, जहां मोतियाबिंद ऑपरेशन का 154त्न लक्ष्य प्राप्त किया गया है। उन्होंने राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सभी ब्लॉकों में मरीजों की पहचान कर कार्ययोजना को तत्काल लागू करने के निर्देश दिए। चिरायु-राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एक-एक स्कूल और आंगनवाड़ी केंद्र में किए गए सर्वे की जानकारी ली और उन स्थानों की पहचान करने को कहा, जहां अभी तक सर्वे नहीं हुआ है। उन्होंने उन क्षेत्रों में सर्वे न होने के कारण की जानकारी मांगी और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस योजना के तहत प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने सुनिश्चित करने को कहा कि लाभार्थियों को बेहतर सुविधाएं मिलें।

बैठक में मानव संसाधन की स्थिति की भी समीक्षा की गई, जिसमें स्वीकृत पदों और रिक्त पदों की जानकारी ली गई। कलेक्टर ने जल्द से जल्द रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने वित्तीय प्रगति की जानकारी लेते हुए स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार में तेजी लाने पर जोर दिया। साथ ही, मानसिक स्वास्थ्य को लेकर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता जताते हुए जिले में मेंटल हेल्थ कैंप आयोजित करने के निर्देश भी दिए।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत शिशु मृत्यु दर में कमी लाने निर्देशित किया। उन्होंने हर शिशु मृत्यु के कारण की गहराई से समीक्षा करने और इसे रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके अलावा, मधुमेह रोग के उपचार और नियंत्रण की स्थिति को बेहतर बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा जांच की प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने इन आंकड़ों को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। बैठक के अंत में कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि प्रत्येक ब्लॉक की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए और जिन एजेंडों पर प्रगति धीमी है, उन्हें चिन्हित कर तत्काल सुधार के प्रयास किए जाएं। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार विश्वरंजन सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## बड़े टैक्स बकायादारों पर नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, कई गोदाम और फैक्ट्रियां सील

**रायपुर,कासं.।** नगर निगम की टैक्स बकायादारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। जोन 10 राजस्व विभाग की टीम ने जोन सहायक राजस्व अधिकारी महादेव रक्सेल के नेतृत्व में देवपुरी क्षेत्र में बड़े बकायादारों के खिलाफकार्रवाई की। वार्ड नम्बर 53 स्थित देवपुरी इलाके में अनूप अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, एकता अग्रवाल द्वारा संचालित ट्रैक्टर डीलर व्यवसायिक भूमि पर वर्ष 2016-17 से 2024-25 तक का कुल 32 लाख 94 हजार 675 रुपये का टैक्स बकाया होने के कारण उनके 5 गोदाम सील कर दिए गए।

## आरपीएफ ने मानव तस्करी को लेकर रखी कार्यशाला

**रायपुर, कासं.।** मानव तस्करी (ह्यूमन ट्रैफिकिंग) के बढ़ते मामलों को लेकर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सतर्कता बढ़ाते हुए रायपुर में एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया. यह कार्यशाला उल्लास भवन, डब्लू.आर.एस. रेलवे कॉलोनी रायपुर में संपन्न हुई. महानिदेशक, रेलवे सुरक्षा बल, नई दिल्ली के आदेशानुसार आयोजित इस कार्यशाला में रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारी, शासकीय रेल पुलिस (GRP) और रायपुर स्टेट पुलिस के कुल 141 अधिकारी एवं जवानों को जागरूक किया गया.

## यहां पैसे नहीं, लिया जाता है श्रमदान, गायें सुनती हैं भजन, कहां है ये मंदिर

**रायपुर, कासं.।** छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित श्री राधा माधव गौ मंदिर ने नकद दान पर प्रतिबंध लगाकर एक अनूठी पहल की है। इस मंदिर में भक्तजन केवल अपना श्रम, सेवा और समय दान करके पुण्य कमा सकते हैं। रायपुर और देश-विदेश से श्रद्धालु इस मंदिर में अपनी सेवाएं देने पहुंच रहे हैं। यहां प्रतिदिन सुबह-शाम गाय की आरती की जाती है तथा संगीतमय तरीके से गायों के लिए भजन गाए जाते हैं। इसके अलावा पंडित गाय माता के बीच मंत्रोच्चार भी करते हैं। लेकिन इस गौ मंदिर को अन्य गौशालाओं से अलग बनाने वाली बात यह है कि यहां नकद दान स्वीकार नहीं किया जाता। श्री राधा माधव गौ मंदिर रायपुर शहर से 16 किलोमीटर दूर गुमा बाना गांव में स्थित है। मंदिर की देखभाल करने वाले आदेश सोनी बताते हैं कि यहां केवल श्रमदान, समयदान और सेवादान ही स्वीकार किया जाता है। किसी से भी नकद दान स्वीकार करना सख्त मना है। जो लोग गाय की सेवा करना चाहते हैं, उन्हें स्वयं यहां आकर सेवा करनी होगी। लोग यहाँ मंदिर में सेवा करने आते हैं। वे गायों को नहलाना, चारा तैयार करना, गौशाला की सफाई करना, बछड़ों की देखभाल करना और गाय का गोबर साफकरना जैसे कार्य करते हैं। बछड़ों को गोद में लेना, उन्हें बोतल से दूध पिलाना और गाय की आरती में भाग लेना भी इस सेवा का हिस्सा है। इस मंदिर के नियम और सेवा भावना को देखकर लोग लगातार इससे जुड़ रहे हैं।

**गायों की सेवा करने के लिए लोग विदेशों से आ रहे हैं।**

गौ मंदिर की अनूठी कार्यप्रणाली को देखकर अब न केवल रायपुर बल्कि देश के अन्य राज्यों और मलेशिया और ब्रिटेन जैसे देशों से भी लोग यहां सेवा के लिए आ रहे हैं। मंदिर प्रशासन ने अन्य राज्यों से आने वाले लोगों के लिए निःशुल्क आवास की भी व्यवस्था की है।

**12 एकड़ में फैले इस गौ मंदिर में 350 से अधिक गायों की सेवा की जाती है।**

यह गौ मंदिर 12 एकड़ भूमि पर फैला हुआ है और इसमें 350 से अधिक गायें हैं। सभी गायों को बचाकर यहां लाया गया है। इसमें 50 से अधिक विकलांग लोग, 60 से अधिक बिस्तर पर पड़े लोग और 20 से अधिक बछड़े रहते हैं। इसके अलावा, कई गायें पूरी तरह से ठीक हो गई हैं।

**इसे किसने बनाया?**

इस मंदिर का निर्माण सुरेश जिंदल परिवार ने वर्ष 2023 में अपने माता-पिता की याद में करवाया था। मंदिर का पूरा खर्च भी सुरेश जिंदल परिवार द्वारा वहन किया जाता है। शुरू में केवल गांव के लोग ही सेवा करते थे। अब बाहर से लोग बड़ी संख्या में आ रहे हैं और अपना कीमती समय गाय की सेवा में लगा रहे हैं। इस मंदिर ने गौ सेवा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया है। देश के अधिकांश भागों में गौशालाएं केवल दान पर ही चलती हैं। लेकिन यहां सेवा को सबसे बड़ा दान माना जाता है। यही कारण है कि यह स्थान दिन-प्रतिदिन प्रसिद्ध होता जा रहा है और गौभक्त बड़ी संख्या में यहां आकर गौ सेवा का हिस्सा बन रहे हैं।

# ग्रीष्म ऋतु में सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए पुख्ता रणनीति बनाएं- कलेक्टर श्रीमती चौहान

## ग्वालियर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश शहर की समस्यामूलक बस्तियों में पेयजल के विशेष इंतजाम करने पर दिया जोर




**ग्वालियर।** ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल आपूर्ति के लिये सुनियोजित रणनीति बनाएं। संधारण की पुख्ता व्यवस्था हो , जिससे नलकूप, विद्युत मोटर व पाइप लाईन इत्यादि खराब होने पर तत्काल ठीक कर पेयजल आपूर्ति सुचारु की जा सके। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने ग्वालियर शहर की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान नगर निगम की जल प्रदाय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को दिये। उन्होंने जिन बस्तियों मे पिछले वर्षों में पेयजल समस्या रही है वहाँ के लिये विशेष इंतजाम करने व पेयजल की शुद्धता पर भी बल दिया है। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय भी मौजूद थे। गुरुवार को बाल भवन के सभागार में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था की विस्तार में समीक्षा की। साथ ही पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिये दिशा -निर्देश दिए। उन्होंने जल प्रदाय व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर की पेयजल आपूर्ति के सबसे बड़े स्त्रोत तिघरा जलाशय में उपलब्ध पानी के आधार पर वैज्ञानिक तरीके से अध्ययन कर बताएं कि शहर को कब से प्रतिदिन पानी की आपूर्ति करना उचित रहेगा। वर्तमान में शहर मे एक दिन छोड़कर पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। बैठक में जानकारी दी गयी कि तिघरा जलाशय में वर्तमान में 2702.88 एमसीएफपी पानी उपलब्ध है। पिछले साल इस अवधि में तिघरा में 1612 एमसीएफपी पानी उपलब्ध था। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने कहा कि इस साल हुई अच्छी बारिश से जिले के जलाशयों मे पानी की उपलब्धता अच्छी है ,फिर भी पानी का अपवय न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे आगामी मानसून में कम बरसात होने पर भी पेयजल आपूर्ति होती रहे।

**शहर के सभी हाईड्रेंट को नक्शे पर दर्शाएं**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने नगर निगम के जल प्रदाय अधिकारियों को शहर में स्थित सभी हाईड्रेंट को नक्शे पर दर्शाने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि इन हाईड्रेंट को नक्शे पर उन क्षेत्र की बस्तियों के साथ मार्क करें, जिन बस्तियों में जरूरत पड़ने पर इन हाईड्रेंट से पानी उपलब्ध कराया जा सकता है।

**सीएम हैल्पलाइन से सामने आई बस्तियों में पेयजल के विशेष इंतजाम करें**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने बैठक में जोर देकर कहा कि पिछले अनुभवों एवं सीएम हैल्पलाइन की शिकायतों के माध्यम से पेयजल के लिहाज से सामने आई समस्यामूलक बस्तियों में पेयजल आपूर्ति के विशेष इंतजाम करें। व्यवस्था ऐसी हो जिससे टेंकर से सप्लाई की जरूरत न पड़े। उन्होंने आदित्यपुरम, शताब्दीपुरम व सत्यनारायण की टेकरी सहित अन्य पेयजल समस्या मूलक बस्तियों को खासतौर पर रेखांकित किया। कलेक्टर ने कहा विशेष जरूरत पड़ने पर टेंकरों के माध्यम से भी पेयजल सप्लाई करें।

**अनाधिकृत रूप से पानी लेने की प्रवृत्ति को सख्ती से रोकें**

शहर की पेयजल आपूर्ति की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जोर देकर कहा कि मैन पाईपलाईन व पानी की टंकी से अनाधिकृत रूप से लेजम लगाकर आगे के घरों की पेयजल आपूर्ति में बाधा डालने की प्रवृत्ति को सख्ती से रोकें। लेजम जब्त करने के साथ-साथ ऐसा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। इसी तरह पेयजल आपूर्ति के पानी का अनाधिकृत रूप से व्यावसायिक उपयोग करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

**जहाँ जल भराव होता है वहाँ रीचार्ज संरचनाएं बनाएं**

जल संवर्धन के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शहर के ऐसे स्थानों जहाँ पर बरसात के दौरान जल भराव की स्थिति बनती है वहाँ पर वॉटर रीचार्ज स्ट्रेक्चर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा नलकूपों को रीचार्ज करने के लिए भी ऐसी संरचनाएं बनाने के लिए कहा। साथ ही कहा सीएम हैल्पलाइन पोर्टल पर आई जल भराव संबंधी शिकायतों के आधार पर भी जल संवर्धन संरचनाएं बनवाई जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि बरसात से पहले रुफ वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं बनवाने का काम अभियान बतौर किया जाए। कलेक्टर ने पानी का अपव्यय रोकने के लिये घर-घर पानी की टंकियों में अलार्म लगवाने पर भी बल दिया। साथ ही कहा कि नगर निगम की सभी टंकियों में भी अनिवार्यतः अलार्म लगाए जाएं।

**शहर से जुड़े ग्रामीण वार्डों की पेयजल आपूर्ति भी सुदृढ़ करें**

कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने ग्वालियर शहर के ग्रामीण वार्डों (वार्ड 61 से 66)

की पेयजल आपूर्ति पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण वार्डों की बस्तियों के नलकूप दुरुस्त करने के लिए वाहन व उपकरणों की व्यवस्था सहित विशेष टीम तैनात करें। नलकूप खराब होने की सूचना मिलने पर टीम तत्काल मौके पर पहुँचकर पेयजल आपूर्ति बहाल करे। बैठक में बताया गया कि दो वाहनों सहित 15 हैंडपंप मैकेनिक की टीम ग्रामीण वार्डों के लिये तैनात कर दी गई है।

**मोटर खराबी की वजह से किसी भी गाँव की नल जल योजना बंद न रहे**

ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने निर्देश दिए कि बिल जमा न होने व मोटर पंप की खराबी की वजह से किसी भी गाँव की नल जल योजना बंद नहीं होना चाहिए। संबंधित अधिकारी इस पर बारीकी से नजर रखें। उन्होंने कहा कि जो सरपंच नल जल योजना चलाने में आनाकानी कर पेयजल आपूर्ति में बाधा बन रहे है उनके खिलाफ पंचायतराज अधिनियम की धारा- 40 के तहत कार्रवाई की जाए।

# शहर की बावड़ियों के जीर्णोद्धार का काम प्रमुखता से कराएं

## जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारी बैठक में दिए निर्देश, भवन अनुमति के समय जमा कराई गई राशि से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग कराने पर दिया जोर, सभी विभागों को अभियान की गतिविधियों को प्रभावी ढंग से मूर्त रूप देने के दिए निर्देश

**ग्वालियर।** शहर की बावड़ी व अन्य पुरानी जल संरचनाओं का जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रमुखता के साथ जीर्णोद्धार कराएं साथ ही घर-घर में रेन वाटर हार्वेस्टींग प्रणाली प्रमुखता से स्थापित कराएं। शहर भर में प्रमुख स्थानों व बाजारों में ग्रीष्म ऋतु के दौरान सार्वजनिक प्याऊ भी खोलें। इस आशय के निर्देश कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा के दौरान दिए। राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत वर्ष प्रतिपदा 30 मार्च से ग्वालियर जिले में भी जल गंगा संवर्धन अभियान शुरू होगा। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने गुरुवार को बाल भवन के सभागार में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आयोजित होने वाली गतिविधियों पर चर्चा की। साथ ही अभियान को सुव्यवस्थित ढंग से आयोजित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री विवेक कुमार व नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भवन अनुमति के समय रेन वाटर हार्वेस्टिंग मद में जमा कराई गई धनराशि से जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान शहर भर में विशेष रूप से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग संरचनाएं बनवायी जाएं। उन्होंने सरकारी भवनों में प्रमुखता के साथ ऐसी संरचनाएं बनवाने के लिए कहा। कलेक्टर ने शहर की पहाड़ियों पर ट्रेंच बनाकर वर्षा जल का संरक्षण करने के भी निर्देश दिए। साथ ही कहा कि वन विभाग की मदद से मिट्टी की सीड बॉल (बीज की गेंद) तैयार कर पहाड़ियों पर बनाई जाने वाली ट्रेंच में डालने के लिए कहा। उन्होंने पहाड़ियों को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए। जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारी को लेकर हुई बैठक में कलेक्टर श्रीमती चौहान ने नलों के लीकेज ठीक करने , टूटे हुए नलों को बदलने व पाइप लाइनों के लीकेज सुधारने के निर्देश भी दिए। साथ ही घरों और सार्वजनिक स्थलों पर पानी का अपव्यय रोकने पर बल दिया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के ग्रामीण अंचल में 300 खेत तालाब बनाए जाएंगे। ग्रामीण अंचल में अमृत सरोवरों का भी निर्माण किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने तालाबों के किनारे अभियान के तहत वृहद स्तर पर वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किसान कल्याण व कृषि विकास , उद्यानकी , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, पर्यावरण , वन, राजस्व, जल-संसाधन व उद्योग इत्यादि विभागों के अंतर्गत की जाने वाली गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत अभियान की सभी गतिविधियों को प्रभावी ढंग से मूर्त रूप देने के निर्देश दिए।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अनियमितता मिलने पर, दो फर्मों को किया सील्ड।

**ग्वालियर,कांस।** खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने अनियमितताएं मिलने पर दो फर्मो को सील्ड कर दिया गया है । जिनमें एबी रोड ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फर्म ग्वालियर इंटरप्राइजेज व ए ए इंटरप्राइजेज घास मंडी शामिल है। विभाग की टीम ने एबी रोड ट्रांसपोर्ट नगर स्थित फर्म ग्वालियर इंटरप्राइजेज का निरीक्षण किया गया। मौके पर फर्म का संचालन कर रहे बृजेश शिवहरे के द्वारा पानी की बोतलों को पैक किया जा रहा था। फर्म संचालक के द्वारा थंडर, एक्वा न्यू एवं एजोरा नाम से फ्लेवर्ड प्यूरीफायर वॉटर पानी की बोतले पैक की जा रही थी। मौके पर फर्म संचालक ने फर्म का मालिक गायत्री शिवहरे को बताया और इस संबंध में फूड रजिस्ट्रेशन की कॉपी दी। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सतीश कुमार शर्मा ने निरीक्षण करने पर विभिन्न नाम की एक्वा न्यू एवं एजारो नाम से पैक्ड की जा रही पानी बोतलों के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया की एक्वा न्यू की बोतलों को अनुबंध के द्वारा पैक किया जा रहा है।अनुबंध की कॉपी मांगे जाने पर फर्म संचालक बृजेश ने प्रस्तुत नहीं की। इसके अलावा पानी की बोतलों को संचालन के लिए अन्य आवश्यक दस्तावेज जैसे पानी की रिपोर्ट, कैलिब्रेशन रिपोर्ट, मेडिकल फिटनेस बी आई एस इत्यादि संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये ।मौके पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री सतीश कुमार शर्मा ने फर्म संचालक से एक्वा थंडर फ्लेवर प्यूरीफाइड वॉटर का नमूना लिया जाकर शेष पानी की बोतलों की 500 एम एल और एक लीटर वाली 145 कार्टन को जिस की कुल कीमत 17280 है को नियमानुसार जप्त कर पानी की फैक्ट्री के कारोबार को बंद करते हुए सील्ड किया। खाद्य सुरक्षा विभाग की दूसरी टीम खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री लोकेंद्र सिंह श्री राजेश गुप्ता श्री दिनेश निम एवं निरुपमा शर्मा की टीम पानी की बोतलों की पैकिंग करने वाली फर्म ए ए इंटरप्राइजेज घास मंडी ग्वालियर पर पहुंची जहाँ उक्त फर्म बंद मिलने पर टीम ने फर्म मालिक आकाश मित्तल को फर्म का निरीक्षण कराने के लिए आसपास के लोगों से मोबाइल नंबर लेकर कॉल कर सूचना देते हुए आने को कहा जिस पर मालिक ने 10 मिनट में आने की बोला।लेकिन करीब एक घंटा इंतजार करने पर भी मालिक उपस्थित नहीं हुआ। जिस पर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने उक्त फर्म को आगामी आदेश तक के लिए सील्ड किया।लिए गए पानी के नमूने को जांच के लिए राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जाएगा। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जावेगी।

# संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने शिवपुरी के कार्यपालन यंत्री को किया निलंबित

## वित्तीय अनियमितताओं को लेकर की गयी कार्यवाही

**ग्वालियर।** सम्माननीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने शिवपुरी जिले के कार्यपालन यंत्री, लोकनिर्माण विभाग खण्ड क्रमांक-1 श्री धर्मेन्द्र सिंह यादव को वित्तीय अनियमितताओं में शामिल पाये जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री यादव का मुख्यालय कलेक्टर कार्यालय शिवपुरी रहेगा। निलंबन अवधि नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने कलेक्टर शिवपुरी के प्रतिवेदन पर उक्त कार्यवाही की है। कलेक्टर शिवपुरी ने अपने प्रतिवेदन में बताया है कि कार्यपालन यंत्री , लोकनिर्माण विभाग खण्ड क्रमांक 1 श्री धर्मेन्द्र यादव द्वारा वर्ष 2018-19 से 2022-23 तक कुल राशि 7 करोड़ 15 लाख 75 हजार 911 का कपटपूर्ण आहरण कर पाँच बैंक खातों मे अंतरित करना सूचित किया है। उक्त क्रम में जाँच समिति द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन अनुसार उक्त अवधि में पदस्थ रहे कार्यपालन यंत्री, संभागीय लेखाधिकारी, सहायक वर्ग 3 एवं आउटसोर्स कंपनियों के ऑपरेटर्स के साथ चार अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता पायी गई है जो मध्यप्रदेश कोषालय संहिता 2020, मध्यप्रदेश वित्तीय संहिता 2020, मध्यप्रदेश वित्तीय संहिता एवं आहरण तथा संवितरण अधिकारी एवं आई एफ एम आई एस क्रियेटर्स के दायित्वों के निर्वहन में गंभीर वित्तीय लापरवाही परिलक्षित होती है। संभागीय आयुक्त द्वारा कलेक्टर शिवपुरी के द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर कार्यपालन यंत्री लोकनिर्माण विभाग खण्ड क्रमांक 1 शिवपुरी श्री धर्मेन्द्र सिंह यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश जारी किये है।

# रोटरी कैंप में 27 मार्च को 186 ऑपरेशन और 44 कृत्रिम पैर लगाये गये



**मुरैना,कांस।** रोटरी मेडिकल मिशन कैम्प में पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा से आए चिकित्सकों द्वारा मरीजों का परीक्षण, ऑपरेशन किए जा रहे हैं। जिसमें 27 मार्च को रोटरी मेडिकल मिशन में 186 ऑपरेशन किए गए और 44 कृत्रिम पैर लगाए गए हैं। इस शिविर में स्पेशलिस्ट डॉक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। रोटरी इंटरनेशनल पूर्व प्रेजिडेंट राजा सावू साहब और पीडीजी सुभाष गजी के नेतृत्व में चंडीगढ़, यमुनानगर, मुंबई से आने वाली सर्जिकल चिकित्सकों की टीम द्वारा जिला चिकित्सालय के विभिन्न ऑपरेशन थिएटर में ऑपरेशन किये गये। शिविर में दिल्ली एम्स के कार्डियोलॉजिस्ट मणिपाल हॉस्पिटल के कार्डियोलॉजिस्ट एवं कार्डियक सर्जन तथा विभिन्न विभागों के विभाग अध्यक्ष दिल्ली एम्स मुंबई से पधार रहे हैं।जिला प्रशासन ने सभी लोगों से अपील की है इस शिविर का भरपूर लाभ लाभ उठायें। शिविर में चार लेप्रोस्कॉपी, गाल ब्लैडर, दूरबीन हाइड्रोसील लेप्रोस्कॉपी, बच्चेदानी का ऑपरेशन, पान क्लीनिक में इंजेक्शन, प्रोसीजर दांत के 70 प्रोसीजर, रूट कैनाल, फैक्चर, टूथ एक्सटेंशन, हाथ हड्डी का ऑपरेशन, अल्ट्रासाउंड, फिजियोथैरेपी इकोकार्डियोग्राफी, आंखों के 34 ऑपरेशन जिनमें से 10 फेको पद्धति से ऑपरेशन रामकृष्ण नेत्रालय में हुए हैं।

# कलेक्टर द्वारा शनि मंदिर पहुँचकर चल रही तैयारियों का किया गया अवलोकन

## शनि मेले को ध्यान में रखते हुये आवश्यक इंतजाम हेतु अधिकारियों को दिये निर्देश



**मुरैना,कांस।** शनिश्चरी अमावस्या 29 मार्च, 2025 को है। जिसे ध्यान में रखते हुये कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने गुरूवार को शनि मंदिर पहुंचकर चल रही तैयारियों का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान उन्होंने शनि मंदिर परिसर का भ्रमण किया एवं तैयारियों के विषय में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को असुविधा न हो, इसलिये उन्होंने पानी टेंकर, पार्किंग, लाइटिंग की पूर्ण व्यवस्था हो, इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि आज सायं तक जो भी कार्य अपूर्ण है, उन्हें पूरा कर लिया जाये। इसी के चलते कलेक्टर ने टेंट व्यवस्था, ग्वालियर मार्ग पर रोड़ को दुरूस्त कराने, बेरिकेटिंग, मंदिर परिसर में नाई व्यवस्था आदि सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित करके कार्य करने के निर्देश दिये एवं कहा कि मेले में श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डाबर, एसडीएम मुरैना श्री बीएस कुशवाह सहित अन्य अधिकारी एवं मंदिर प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मेगा विधिक सहायता शिविर 29 एवं 30 मार्च को



**मुरैना,कांस।** प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरैना श्रीमती संगीता मदान के मार्गदर्शन में 29 एवं 30 मार्च 2025 को मेगा विधिक सहायता शिविर का आयोजन मुरैना एसएएफ ग्राउण्ड मुरैना में किया जा रहा है। मेगा विधिक सहायता शिविर के सफल आयोजन के संबंध में विगत दिवस एलएडीसीएस, पैनल अधिवक्ता, काउंसलर, पैरालीगल वालेटियर्स, मीडिएटर्स का प्रशिक्षण कार्यकम का आयोजन एडीआर भवन जिला न्यायालय परिसर मुरैना में किया गया। प्रशिक्षण कार्यकम में पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मुरैना श्री चन्द्रशेखर जायसवाल, नवम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री दिनेश राणा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अजय एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री ब्रजेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा मेगा हेल्थ शिविर में जिला मुख्यालय मुरैना, तहसील, ताल्लुका, ग्रामीण क्षेत्र से वृद्धजन एवं सभी उम्र के पुरूष व महिलाओं सहित अधिक से अधिक संख्या में लोगों के आने का अनुमान है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लक्ष्य ÷न्याय घर-घर पहुंचाना एवं न्याय सबके लिये÷ के अन्तर्गत मेगा हेल्थ शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भी कानूनी सहायता संबंधी जानकारी जैसे लोक अदालत, अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, मध्यस्थता, निःशुल्क विधिक सहायता एवं सलाह एवं नालसा एवं सालसा की समस्त योजना जानकारी दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया। प्रशिक्षण कार्यकम में पंचम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश मुरैना श्री चन्द्रशेखर जायसवाल, नवम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्री दिनेश राणा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट श्री अजय एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री ब्रजेन्द्र सिंह भदौरिया, पैनल अधिवक्ता, काउंसलर, पैरालीगल वालेटियर्स, मीडिएटर्स का प्रशिक्षण दिया गया। आमजन से अपील है कि कार्यक्रम में उपस्थित होकर नालसा एवं सालसा की योजनाओं का अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठायें।

# (शनि अमावस्या पर विशेष)

# शनिश्चरी अमावस्या पर मुरैना में होता है, विशेष मेले का आयोजन

### श्री शनिदेव मंदिर, शनिश्चरा, ऐंती मुरैना का इतिहास,

### आलेखः- मोनिका माहोर



**मुरैना,कांस।** मुरैना जिले में शनि अमावस्या पर ऐंती पहाड़ी स्थित शनि मंदिर परिसर में मेले का आयोजन होता है। जिसमें दूर-दराज से श्रद्धालु शनिदेव के दर्शन करने यहां आते है। इस बार भी 29 मार्च, 2025 को शनिश्चरी अमावस्या पर इस मेले का आयोजन होना है।

**किंवदंतियां**

शनि मंदिर देश का सबसे प्राचीन त्रेतायुगीन मंदिर है। साथ ही यहां स्थापित श्री शनिदेव की प्रतिमा भी विशेष एवं अद्भुत है। ज्योतिषियों के मतानुसार यह मूर्ति आसमान से टूटकर गिरे उल्कापिण्ड से निर्मित हुई है। एक अन्य कथा के अनुसार हनुमान जी ने अपनी बुद्धि चातुर्य से काम लेते हुये शनिदेव को लंकापति रावण के पैरों के नीचे से मुक्त कराया था एवं कई वर्षो तक दबे होने के कारण शनिदेव दुर्बल हो चुके थे। लंका दहन हेतु शनिदेव ने बताया था कि जब तक वे लंका में रहेंगे तब तक दहन नहीं हो सकता है एवं वे इतने दुर्बल है कि उनका चलना मुश्किल है। अतः हनुमान जी से निवेदन करने पर हनुमान जी ने शनिदेव को पूरी ताकत से भारत भूमि पर फैका एवं शनिदेव मुरैना जिले के ऐंती ग्राम के पास स्थित एक पर्वत पर जा गिरे, जिसे शनि पर्वत (ऐंती पर्वत) कहा जाता है। शास्त्रों में वर्णित है कि शनि पर्वत पर ही शनिदेव ने घोर तपस्या कर शक्ति एवं बल प्राप्त किया।

**शनि मंदिर का इतिहास**

शनि मंदिर पर शनिदेव की मूर्ति स्थापना, चक्रवर्ती महाराज विक्रमादित्य ने की थी एवं विक्रमादित्य ने ही शनिदेव की प्रतिमा के सामने हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना करवाई थी। सन् 1808 ई. में तत्कालीन शासक श्री दौलतराव सिंधिया द्वारा यहां जागीर लगाई थी। इस प्रकार का शिलालेख मंदिर में लगा हुआ है। शनि पर्वत (शनिश्चरा पहाड़ी) निर्जन वन में स्थापित होने से विशेष प्रभावशाली है। यह भी कहा जाता है कि शनि सिंगनापुर (महाराष्ट्) में स्थापित शिला को शनिश्चरा पहाड़ी से ही ले जाकर स्थापित किया गया था।

**शनि मंदिर की विशेषता**

शनि मंदिर के समीप ही पौड़ी वाले हनुमान जी की जमीन में लेटी हुई व उभरी हुई प्रतिमा है। सम्पूर्ण शनिश्चरा पहाड़ी एवं इसके आसपास का क्षेत्र सिद्ध क्षेत्र है, जिसका अनुभव भक्तों व श्रद्धालुओं को होता है। शनिमंदिर में पहाड़ी से अनवरत गुप्त गंगा की धारा निकल रही है, एवं उक्त स्थान पर निर्मित गुफाओं में संत लोग तपस्या करते थे। इस बात के प्रमाण भी वर्तमान में दिखाई देते है। शनि मंदिर के अंदर स्थापित श्री राधाकृष्ण मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है एवं 6 जून 2011 को श्री राधाकृष्ण की नई प्रतिमायें स्थापित की गई है। मंदिर के आसपास ही नवी, ग्यारहवी शताब्दी के मुरली मनोहर मंदिर, बटेश्वरा, पढ़ावली, मितावली, ककनमठ और कुन्तलपुर पुरातात्विक व धार्मिक महत्व के मंदिर और स्थान है। जिन्हें भी दर्शनीय व पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। श्री शनिदेव, सुख-शांति, यश, वैभव, धन-सम्पत्ति, पद-प्रतिष्ठा के प्रदाता है। आइये इस देवस्थान का दर्शन कर इसके विकास में अपना अमूल्य योगदान दें।

# महान बनने के लिए तीन गुण आवश्यक सच्चाई, सफाई, सादगी- दादी जानकी



**मुरैना,कांस।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवा केंद्र सुख शांति भवन सब्जी मंडी रोड पोरसा एवं मुरैना मुड़िया खेड़ा में संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी जानकी जी का पांचवा पुण्य स्मृति दिवस वैश्विक आध्यात्मिक जागृति दिवस के रूप में मनाया। केंद्र की प्रभारी ब्रह्माकुमारी कृष्णा दीदी जी ने सभी को दादी जानकी की विशेषताओं के बारे में बताया। दादी जी का जन्म 1916 में हैदराबाद सिंध प्रांत में हुआ वह 21 वर्ष की आयु में संस्थान से जुड़ी। 1970 में वह पहली बार विदेश सेवा पर निकली। 2007 में ब्रह्माकुमारीज की मुख्य प्रशासिका बनी। उन्होंने 46 हजार बहनों की अलौकिक मां बनकर पालना की। 103 साल की उम्र में भी 12 घंटे विश्व की सेवा में सक्रिय रही। वर्ष 1978 में, टेक्सस विश्वविद्यालय, यू. एस. ए., के मेडिकल एंड साइंस रिसर्च इंस्टिट्यूट ने दादी जानकी को दुनिया की सबसे स्थिर बुद्धि वाला मनुष्य घोषित किया। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में कहा कि ÷जटिल बुद्धि परिक्षण करते हुए भी उनकी बुद्धि पूर्ण रूप से स्थिर थी।विश्व की सबसे स्थिर मन वाली महिला का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी दादी जी के नाम है। ब्रह्माकुमारी की पूरे विश्व में साफ-सफाई और स्वच्छता को लेकर विशेष पहचान रही है। देश में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दादी जानकी को स्वच्छ भारत मिशन का ब्रांड एंबेसेडर भी नियुक्त किया था। दादी के नेतृत्व में पूरे भारतवर्ष में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाए गए।उन्होंने महिलाओं के वजूद को समाज में स्थापित करने तथा विश्व भर की महिलाओं को सम्मान पूर्ण दर्जा दिलाने की क्रांति में खुद को समर्पित कर दिया। दादी जी योग शक्ति की अद्भुत मिसाल थीं और लाखों लोगों के जीवन में उजियारा करने वाली थीं।

**उन्होंने विश्व भर में एक अद्भुत आध्यात्मिक क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।**

दादी जी ने संपूर्ण विश्व को मातृत्व के रूप में पालना दी, और उनके संपर्क में आने वाले हर व्यक्ति को मां का सच्चा प्यार और निस्वार्थ ईश्वरीय स्नेह अनुभव हुआ. कार्यक्रम में सेकड़ो भाई बहनो ने दादी जी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए जिसमे मुख्य रूप से ब्रह्माकुमारी निकेता, प्रियंका,गंगा,सुमन, उमा, गीता, उर्मिला,चंद्रकला,कमला,आरती,शीलू, अनीता, नीलम ,सीमा ,राधे ,रजनी, बसंती, ब्रह्माकुमार नितेश, विवेक, शुभम, रामप्रकाश, गोकर्ण , उदय,रामावतार, अलख, रघुवर, रामजीलाल, ग्याराम भाई, उपस्थित रहे।

# महिला बाल विकास का प्रशिक्षण संपन्न



**बानमोर।** महिला एवं बाल विकास परियोजना के अंतर्गत शीतला गार्डन में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण और पढ़ाई के महत्व पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकौ ने कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं शिशुओं बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण संबंधी सेवाऐ देने की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान मानसिक और शारीरिक दिव्यांग और विकलांगता में अंतर पर विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही पोषण ग्रोथ मॉनिटरिंग पर भी प्रशिक्षण दिया गया। विक्रम में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य कार्यकर्ताओं ने सीट पर विभिन्न प्रकार के चित्र भी बनाएं प्रशिक्षण कार्यक्रम में महिला परियोजना अधिकारी श्रीमती प्रीती राणा सहित कविता कुशवाह मधु शर्मा संगीता सिंह अमिता शाक्य एवं डेढ़ सौ से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी ।

# पाणिग्रहण संस्कार 16 संस्कारों में सबसे महत्वपूर्ण : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## अलीराजपुर में 1369 नव दम्पतियों को 7 करोड़ 52 लाख की राशि कन्यादान के रूप में दी



**प्यासे खेत को जब पानी मिलेगा तो सोने के समान होगी खेती**

**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि पाणिग्रहण संस्कार, 16 संस्कारों में सबसे महत्वपूर्ण है। आज अलीराजपुर में 1369 नव दम्पतियों को मुख्मयंत्री कन्या विवाह योजना में 7 करोड़ 52 लाख रूपये की राशि कन्यादान के रूप में दी गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी वर (दूल्हों) से कहा कि हम बेटियों के रूप में अपने घर की रौनक आपको सौंप रहे हैं, इनका ख्याल रखना अब आपका दायित्व है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को अलीराजपुर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होकर वर-वधू को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अलीराजपुर के कलेक्टर को निर्देशित किया कि 220 केवी ग्रिड, ककराना घाट एवं कन्या खेल परिसर का प्रपोजल भेजे, जिससे अविलंब स्वीकृत किया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्प वर्षा कर सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल नव-दंपत्तियों के परिजन का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अलीराजपुर की प्राकृतिक छटा देखते ही बनती है। उन्होंने कहा कि नर्मदा मैया के किनारे बांध बनाने से अलीराजपुर क्षेत्र में सिंचित भूमि का रकबा बढ़ा है और आर्थिक समृद्धि आई है।

**आर्थिक विकास के लिए किए जा रहे प्रयास**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दिसम्बर 2024 में अलीराजपुर जिले को मिली लगभग 2000 करोड़ रुपए की सोंडवा उद्वहन परियोजना से 169 गाँवों को सिंचाई के लिए जल प्राप्त होगा। प्यासे खेत को जब पानी मिलेगा तो सोने के समान फसल प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि 2600 रुपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया जा रहा है। सरकार सभी कृषकों का गेहूं खरीदेगी। उन्होंने कहा कि गेहूं के लिए 175 रुपए प्रति क्विंटल बोनस के रूप में दिया जा रहा है। साथ ही दूध की खरीदी पर भी 5 रुपए प्रति लीटर बोनस दिया जाएगा। सरकार का लक्ष्य प्रदेश का दुग्ध उत्पादन 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत करना है, जिससे कृषकों को आय का नया साधन मिले।

**विकास को समावेशी बनाने के लिए जिला विकास समिति का होगा गठन**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल्द ही जिला विकास समिति का गठन किया जाएगा। इससे जिले के गणमान्य नागरिक, व्यवसायियों के सुझावों को प्राप्त कर जिले की समावेशी विकास की प्रक्रिया में उन्हें शामिल किया जाएगा।

**हीरा परिष्कृत करने में जिले के हुनरमंद नागरिकों को रोजगार के अवसर मिले**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अलीराजपुर जिला उद्योग विभाग के माध्यम गुजरात की जगह अलीराजपुर में हीरा परिष्कृत करने का कार्य किया जाएगा। इससे अलीराजपुर के हुनरमंद नागरिक जिले में ही रोजगार प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश ही एकमात्र राज्य है जहां खदान से हीरा प्राप्त होता है।

प्रयास किए जा रहे है अलीराजपुर में ही हीरा परिष्कृत करने का कार्य हो। उन्होंने कहा कि कृषि आधारित उद्योग के माध्यम से रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि धरती आबा ग्राम उत्कर्ष योजना से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पक्के घर बनाने, फलिया-फलिया (मजरे-टोले) तक पानी एवं बिजली पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है, प्रदेश की सवा करोड़ से अधिक बहनों को मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना से 1250 रुपए प्रतिमाह खातों में अंतरित किए जा रहे हैं। किसान सम्मान निधि के माध्यम से कृषकों की सहायता की जा रही है। नए उद्योग स्थापित किया जा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव का भव्य स्वागत**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का कार्यक्रम स्थल पर ढोल मांदल की थाप पर उत्साह पूर्ण ढंग से जनजातीय नृत्य के द्वारा नृतक दलों ने पुष्प वर्षा के बीच भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। मंत्री श्री नागर सिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को पुष्प-गुच्छ, मुख्यमंत्री डॉ. यादव की हस्त निर्मित तस्वीर एवं जनजातीय संस्कृति को परिलक्षित करती हुई पेंटिंग, तीर कमान एवं जैकेट भेंट कर स्वागत किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती हजरी बाई खरत, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनिता इंदर सिंह चौहान, श्री संतोष मकू परवाल सहित 1369 नव दंपत्तियों के साथ पधारे परिजन एवं बडी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

# हेल्थ कैम्प में कलेक्टर ने स्पेशिलस्ट डॉक्टरों को किया सम्मानित



**मुरैना,कांस।** रोटरी मेगा कैम्प में दिल्ली से मुरैना आये 03 डॉक्टरों ने गुरूवार को मरीजों का चैकअप किया। उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिलाया। इसके बाद दिल्ली वापस जाते समय कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने उन्हें सम्मानित किया।

जिनमें एम्स से रिटायर्ड हुये ऑर्थोपेस्टि डॉक्टर प्रकाश कोतवाल के द्वारा गुरूवार को पुलिस परेड ग्राउंड में 150 मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें स्वस्थ्य लाभ देने के लिये मेडीसन उपलब्ध कराई। इसी प्रकार एक्सकोट हॉस्पीटल के डॉ. कौशल कांत ने ज्वाइंट प्लेसमेन्ट के 60 मरीजों का परीक्षण किया और उन्हें दवा उपलब्ध कराई। दिल्ली से मुरैना पधारे 40 एक्सकोर्ट हॉस्पीटल नई दिल्ली के हार्ट सर्जी स्पेशलिस्ट डॉ. शिवकुमार चौधरी ने 30 लोगों को हार्ट मरीजों का चैकअप किया और उन्हें स्वास्थ्य लाभ देने के लिये इलाज किया।

दिल्ली जाते समय कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने डॉ. शिवकुमार चौधरी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा बैठक का हुआ आयोजन

## विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं



**अलीगढ़,कासं.।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, यातायात पुलिस, परिवहन विभाग के प्रतिनिधि एवं अन्य संबंधित संगठनों ने भाग लिया। डीएम ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने आम जनमानस से सुझाव प्राप्त करते हुए समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

यातायात नियमों का पालन कर हम सभी सड़क दुर्घटनाओं को कम कर सकते हैं और लोगों की जान बचा सकते हैं। बैठक के दौरान सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के पालन, सड़क संकेतों की उचित व्यवस्था, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के उपयोग को बढ़ावा देने, जागरूकता अभियान चलाने और सड़क सुरक्षा शिक्षा को बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। डीएम ने कहा कि सभी को बढ़ती दुर्घटनाओं के प्रति संवेदनशील बनना होगा।

# स्पेस पॉलिसी के निर्माण और प्रदेश में इसरो के केंद्र के लिए होंगे प्रयास : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



**भोपाल,ब्यूरो।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रकृति के अनेक रहस्य सुलझाने की क्षमता विज्ञान में हैं। आज विज्ञान और प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग से अनेक क्षेत्रों में बड़े परिवर्तन हो रहे हैं। फार्मिंग से लेकर फायनेंस तक मैन्यूफैक्चरिंग से लेकर मेडिसिन तक और एजुकेशन से लेकर कम्यूनिकेशन तक प्रत्येक क्षेत्र का स्वरूप परिवर्तित हो रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गत एक दशक में भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में तीव्र प्रगति की है। राष्ट्र में एक नई ऊर्जा और शक्ति का संचार हुआ है। मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत की विजनरी नीति का ही परिणाम है कि भारत डिफेंस और अन्तरिक्ष के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है। भारत इस क्षेत्र में गलोबल लीडर बन रहा है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा शीघ्र ही स्पेस पॉलिसी बनाई जाएगी। प्रदेश में इसरो के केंद्र की शुरूआत के लिए भी मंथन प्रारंभ किया गया है। हाल ही में जीआईएस के दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी के उपयोग पर केंद्रित 4 नीतियों को लागू करने की पहल इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को उज्जैन में हो रहे राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन/ विज्ञान उत्सव और चालीसवें मध्यप्रदेश युवा वैज्ञानिक सम्मेलन का समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) से वर्चुअल रूप से शुभारंभ करते हुए यह बात कही।


श्रमिकों को संबल दे रही मध्यप्रदेश सरकार

मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना अंतर्गत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

द्वारा

23 हजार 162 परिवारों को

₹ 505 करोड़ की अनुग्रह राशि का

अंतरण

28 मार्च, 2025 | दोपहर 2:30 बजे

मंत्रालय, भोपाल



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री



संबल योजना में

गिग वर्कर्स भी शामिल

- संबल योजना में 1 करोड़ 74 लाख से अधिक श्रमिक भाई-बहन पंजीयन करा चुके हैं।
- अब तक कुल 6 लाख 58 हजार से अधिक प्रकरणों में राशि ₹5927 करोड़ से अधिक का हितलाभ वितरण किया गया है।
- पंजीकृत श्रमिक की सामान्य मृत्यु पर ₹2 लाख, दुर्घटना मृत्यु पर ₹4 लाख की अनुग्रह सहायता।
- पंजीकृत श्रमिक की स्थायी अपंगता पर ₹2 लाख, आंशिक स्थाई अपंगता पर ₹1 लाख की सहायता।
- पंजीकृत श्रमिक व पंजीकृत श्रमिक के परिवार के सदस्य की मृत्यु होने पर ₹5 हजार की अंत्येष्टी सहायता।
- सभी संबल हितग्राहियों को आयुष्मान भारत निरामयम् योजना अंतर्गत पात्र श्रेणी में चिन्हित किया गया है।
- संबल हितग्राहियों को रियायती दरों पर राशन की सुविधा।
- संबल हितग्राहियों के बच्चों को महाविद्यालय शिक्षा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत महाविद्यालय (मेडिकल, विधि, इंजीनियरिंग, पॉलीटेक्निक आदि) में शिक्षा हेतु सम्पूर्ण शिक्षण शुल्क राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाता है।
- पंजीकृत महिला श्रमिक व पुरुष श्रमिक की पत्नी को प्रसूति सहायता योजना अंतर्गत कुल ₹16 हजार की राशि की सहायता।

D-11216/24

सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025


स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।